राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# लोक शक्ति



एयर इंडिया ने दिल्ली से वाशिंगटन डीसी जाने वाली सभी उड़ानें 1 सितंबर से बंद, बढ़ी परेशानी



पीएम मोदी ने ऐतिहासिक नवनिर्मित फ्लैट का किया उद्घाटन

RNI Regn. No.7789/1964 | वर्ष-61 > अंक - 229 | रायपुर | मंगलवार 12 अगस्त 2025 विक्रम संवत 2082 | पृष्ठ 8 > मूल्य : 2 रू. | डाक पंजीयन : C.G./RYP DN/71/2023-25

## वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा- बचत, निवेश को मिलेगा बढ़ावा

# संसद में नया इनकम टैक्स बिल 2025 पेश





**नई दिल्ली. एजेंसी।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को विपक्ष के हंगामे के बीच लोकसभा में इनकम टैक्स बिल, 2025 का रिवाइज्ड वर्जन पेश किया, जिसमें भाजपा नेता बैजयंत पांडा की अध्यक्षता वाली संसदीय चयन समिति द्वारा की गई अधिकांश सिफारिशों को शामिल किया गया है.

लोकसभा में विधेयक पेश करते हुए वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा कि सुझाव प्राप्त हुए हैं, जिन्हें सही विधायी अर्थ प्रदान करने के लिए शामिल किया जाना आवश्यक है. उन्होंने कहा, ड्राफ्टिंग के नेचर, वाक्यांशों के अलाइनमेंट, परिणामी परिवर्तनों और क्रॉस रेफरेंसिंग में सुधार किए गए हैं. उन्होंने आगे कहा कि भ्रम से बचने के लिए पहले वाले बिल को वापस ले लिया गया था. उन्होंने कहा कि रिवाइज्ड बिल निष्पक्षता और स्पष्टता में सुधार करेगा और कानून को मौजूदा प्रावधानों के अनुरूप बनाएगा. नए ड्राफ्ट का उद्देश्य सांसदों को एक सिंगल, अपडेटेड वर्जन प्रदान करना है, जो सभी सुझाए गए परिवर्तनों को दर्शाता है.

अपडेटेड इनकम टैक्स बिल 2025 में संसदीय चयन समिति के 285 सुझाव शामिल हैं. नए कानून का उद्देश्य कर प्रक्रियाओं को सरल बनाना और पिछली कमियों को दूर करना है, जिससे देश में आयकर परिदृश्य में संभावित रूप से बदलाव आ सकता है. पिछले सप्ताह, इनकम टैक्स बिल, 2025 को सरकार ने औपचारिक रूप से वापस ले लिया, जिसे 13 फरवरी को लोकसभा में मौजूदा आयकर अधिनियम, 1961 के स्थान पर पेश किया गया था. इस कानून की समीक्षा के लिए जिम्मेदार संसदीय चयन समिति के अध्यक्ष पांडा के अनुसार, नया कानून, पारित होने के बाद, भारत के दशकों पुराने कर स्ट्रक्चर को सरल बनाएगा, कानूनी उलझनों को कम करेगा और व्यक्तिगत करदाताओं तथा एमएसएमई को अनावश्यक मुकदमेबाजी से बचने में मदद करेगा. पांडा के अनुसार, वर्तमान इनकम टैक्स एक्ट, 1961 में 4,000 से ज्यादा संशोधन हो चुके हैं और इसमें 5 लाख से ज्यादा शब्द हैं. यह बहुत जटिल हो गया है. नया बिल इसे लगभग 50 प्रतिशत तक सरल बनाता है, जिससे आम करदाताओं के लिए इसे पढ़ना और समझना कहीं अधिक आसान हो जाता है. संसदीय समिति ने कई ड्राफ्टिंग एरर को फ्लैग किया था और अस्पष्टता को कम करने के लिए संशोधनों का सुझाव दिया था. सरकार के अनुसार, रिवाइज्ड बिल में सभी करदाताओं को लाभ पहुंचाने के लिए स्लैब और दरों में व्यापक बदलाव किए गए हैं. नए स्ट्रक्चर से मिडल क्लास के करों में कमी आएगी और उनके हाथों में अधिक पैसा बचेगा, जिससे घरेलू उपभोग, बचत और निवेश को बढ़ावा मिलेगा।

### केंद्रीय मंत्री रिजीजू का बड़ा बयान : एक आदमी की नासमझी और एक परिवार की वजह से देश नुकसान नहीं झेल सकता

केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू विपक्षी सांसदों के बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) और कथित वोट चोरी के खिलाफ संसद भवन परिसर से चुनाव आयोग तक मार्च पर जमकर बरसे. उन्होंने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी का बिना नाम लेते हुए कहा कि एक आदमी की नासमझी और एक परिवार की वजह से देश इतना नुकसान नहीं झेल सकता. किरेन रिजिजू ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा, कांग्रेस पार्टी और विपक्ष ने बहुत समय बर्बाद किया है. अब हम देश और संसद का समय और बर्बाद नहीं होने देंगे. सरकार महत्वपूर्ण विधेयक पारित करना चाहती है. आज हम लोकसभा और राज्यसभा दोनों में महत्वपूर्ण विधेयक पारित करेंगे. एक आदमी की नासमझी और एक परिवार की वजह से देश इतना नुकसान नहीं झेल सकता. रिजिजू के मुताबिक, कई विपक्षी सांसदों ने भी आकर कहा कि वे असहाय हैं. उनके नेता उन्हें जबरदस्ती हंगामा करने के लिए कहते हैं. यहां संसद में चुनकर आए हैं, जनता की बात रखने के लिए. हर दिन, हम देश और संसद का समय एक मुद्दे पर बर्बाद नहीं होने देंगे, इसलिए हम महत्वपूर्ण विधेयक पारित करेंगे. केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा, आज भी उन्होंने (विपक्ष ने) चुनाव आयोग जाने के लिए समय मांगा और चुनाव आयोग ने इंडी गठबंधन को प्रत्येक पार्टी से दो सदस्यों को भेजने के लिए कहा। 30 सदस्यों को बुलाया गया था, लेकिन वे नहीं गए. इंडी गठबंधन में, वे उन 30 लोगों को तय नहीं कर पाए. अब, खडगे कह रहे हैं कि सभी विपक्षी सदस्य वीआईपी हैं, तो क्या 150 लोग चुनाव आयुक्त के कमरे में प्रवेश करेंगे?

## राहुल गांधी के खिलाफ बयान देना इस मंत्री को पड़ा भारी, देना पड़ा इस्तीफा

एजेंसी

**नई दिल्ली/ बेंगलुरु.** कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का आरोप है कि चुनाव आयोग ने वोट चोरी करवाई. इस मामले में कर्नाटक सरकार के सहकारिता मंत्री कांग्रेस नेता केएन राजन्ना ने राहुल गांधी और पार्टी लाइन से अलग होकर अपना बयान दिया.



राजन्ना ने राहुल गांधी के वोट चोरी के आरोप को गलत बताया. उन्होंने कहा कि वोटर लिस्ट कांग्रेस के शासनकाल में तैयार हुई थी. अब मंत्री केएन राजन्ना को ये बयान भारी पड़ा. कांग्रेस आलाकमान के निर्देश पर सीएम सिद्धारमैया ने सहकारिता मंत्री एन राजन्ना का इस्तीफा लिया है. राजन्ना ने ये बात कही थी कर्नाटक के सहकारिता मंत्री और कांग्रेस नेता केएन राजन्ना ने रविवार को तुमकुरु में राहुल गांधी के वोट चोरी के आरोपों की आलोचना की थी. उन्होंने कहा था-ऐसा नहीं कहना चाहिए. वोटर लिस्ट कब तैयार हुई? यह वोटर लिस्ट कांग्रेस के शासनकाल में तैयार हुई. उस वक्त किसी ने कुछ नहीं बोला? आंखें क्यों बंद थीं?

## रॉबर्ट वाड्रा पर 58 करोड़ की अवैध कमाई का आरोप, ईडी ने दायर की चार्जशीट

(नई दिल्ली)



प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने रॉबर्ट वाड्रा, सत्यनंद याजी, केवल सिंह विरक और कुछ कंपनियों के खिलाफ धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत शिकायत दाखिल की है। इसमें स्काई लाइट हॉस्पिटैलिटी प्राइवेट लिमिटेड, स्काई लाइट रियल्टी प्राइवेट लिमिटेड और ओंकारेश्वर प्रॉपर्टीज प्रा. लिमिटेड (अब एसजीवाई प्रॉपर्टीज) जैसे नाम शामिल हैं। यह मामला 1 सितंबर 2018 को गुरुग्राम के खेड़की दौला पुलिस स्टेशन में दर्ज एफआईआर नंबर 0288 से शुरू हुआ। इसमें रॉबर्ट वाड्रा, हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, डीएलएफ और अन्य के खिलाफ आईपीसी की धाराएं 120-बी, 420, 467, 471 और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 13 के तहत केस दर्ज हुआ। ईडी का कहना है कि एसएलएचपीएल, जिसकी पूंजी बहुत कम थी, ने ओंकारेश्वर प्रॉपर्टीज प्रा. लिमिटेड से गुरुग्राम के शिकोहपुर गांव में 3.5 एकड़ जमीन 7.5 करोड़ रुपए में खरीदी। लेकिन असल में, 15 करोड़ रुपए में सौदा हुआ था। बिक्री पत्र में गलत तरीके से चेक द्वारा भुगतान दिखाया गया, जबकि भुगतान हुआ ही नहीं। स्टांप ड्यूटी (करीब 45 लाख) बचाने के लिए गलत जानकारी दी गई। ईडी के अनुसार, यह एक घूस की डील थी। जमीन बिना पैसे दिए एसएलएचपीएल को दी गई, ताकि वाड्रा, भूपेंद्र सिंह हुड्डा से ओपीपीएल को लाइसेंस दिलवा सकें। बाद में एसएलपीएचएल को नियमों की अनदेखी करते हुए कमर्शियल लाइसेंस दिया गया और वह जमीन डीएलएफ को 58 करोड़ रुपए में बेची गई। ईडी ने 21 दिसंबर 2018 को पीएमएलए जांच शुरू की। एफआईआर में बाद में धारा 423 आईपीसी भी जोड़ी गई (16 जनवरी 2025), जो गलत जानकारी वाले दस्तावेज बनाने से जुड़ी है। लाइसेंस के लिए 2 एकड़ जमीन चाहिए थी, लेकिन केवल 1.35 एकड़ ही उपलब्ध थी।

## बिहार : चुनाव से ठीक पहले तेजस्वी, पप्पू सम्राट सहित 6 बड़े नेताओं की बढ़ाई गई सुरक्षा

एजेंसी

पटना. बिहार में छह बड़े नेताओं की सुरक्षा बढ़ा दी गई है. इसमें राजद नेता और पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव का नाम भी शामिल है. नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली बिहार सरकार ने राज्य सुरक्षा समिति की सिफारिशों के बाद छह प्रमुख नेताओं की सुरक्षा बढ़ाई है. राज्य के गृह विभाग की ओर से जारी एक आदेश में कहा गया है कि नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव को अब जेड श्रेणी की सुरक्षा मिलेगी, जबकि उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को जेड+ श्रेणी की सुरक्षा मिलेगी. यह निर्णय 1 अगस्त को हुई राज्य सुरक्षा समिति की बैठक में लिया



गया, जिसमें समिति ने सरकार को सिफारिशें कीं. हाल के हफ्तों में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी की सुरक्षा एक राजनीतिक मुद्दा रही है. राजद और उनकी मां, बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी ने विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान सुरक्षा में चूक का आरोप लगाया और उनकी जान को खतरा होने की चेतावनी दी. वहीं सम्राट चौधरी की सुरक्षा में यह बढ़ोतरी कथित तौर पर जान से मारने की धमकियों और उनके राजनीतिक कद में उछाल के बाद की गई है।

## कर्नाटक के मुख्य चुनाव अधिकारी का राहुल गांधी को नोटिस, 'दस्तावेज उपलब्ध कराने' का निर्देश

बेंगलुरु ,

लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की ओर से लगातार चुनाव आयोग पर 'वोट चोरी' के आरोप लगाए जा रहे हैं। इसे लेकर कर्नाटक चुनाव आयोग ने राहुल गांधी को नोटिस भेजा है।

कर्नाटक के मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को नई दिल्ली में 7 अगस्त को आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में लगाए गए आरोपों की जांच के लिए दस्तावेज उपलब्ध कराने के लिए पत्र भेजा है। इस पत्र में कहा गया है कि आपने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि आपके प्रस्तुतीकरण में दिखाए गए दस्तावेज भारत के चुनाव आयोग के रिकॉर्ड से हैं। आपने कहा है कि यह चुनाव आयोग का डेटा है। आपने यह भी कहा है कि मतदान अधिकारी द्वारा दिए गए रिकॉर्ड के अनुसार, शकुन रानी ने दो बार मतदान किया है।

ईसीआई कार्यालय के अनुसार, पूछताछ करने पर शकुन रानी ने बताया कि उन्होंने सिर्फ एक बार मतदान किया है, दो बार नहीं, जैसा कि आपने आरोप लगाया है। आपसे अनुरोध है कि वे प्रासंगिक दस्तावेज उपलब्ध कराएं, जिनके आधार पर आपने यह निष्कर्ष निकाला है कि शकुन रानी या किसी अन्य ने दो बार मतदान किया है, ताकि इस कार्यालय द्वारा विस्तृत जांच की जा सके। बता दें कि इससे पहले राहुल गांधी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा था कि हमने कर्नाटक की एक विधानसभा महादेवापुरा क्षेत्र की जांच की और पाया कि यहां 1,00,250 वोटों की चोरी की गई। पांच तरीकों से ये फर्जी वोट लिस्ट में जोड़े गए। 11,965 डुप्लीकेट वोटर बनाए गए, 40,009 फर्जी पतों का इस्तेमाल हुआ, 10,452 वोटर बड़ी संख्या में एक ही पते पर रजिस्टर किए गए, 4,132 वोटर बिना फोटो या अवैध फोटो के साथ जोड़े गए और 33,692 नए वोटर फॉर्म-6 का गलत इस्तेमाल कर जोड़े गए। उन्होंने कहा था कि 'वोट चोरी' सिर्फ एक चुनावी घोटाला नहीं है, यह संविधान और लोकतंत्र के साथ किया गया बड़ा धोखा है। देश के गुनहगार सुन लें, वक्त बदलेगा, सजा जरूर मिलेगी।



कांग्रेस ने लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के वीडियो को शेयर कर चुनाव आयोग पर निशाना साधा। भारत निर्वाचन आयोग फैक्ट चेक ने इस वीडियो को भ्रामक बताते हुए कहा कि राहुल गांधी लोगों को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं। भारत निर्वाचन आयोग फैक्ट चेक ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर कहा कि कांग्रेस सांसद राहुल गांधी द्वारा दिए गए बयान झूठे और भ्रामक हैं। राहुल गांधी कानून द्वारा स्थापित प्रक्रिया से बचने की कोशिश कर रहे हैं और नागरिकों को जितना हो सके गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं। अगर उन्हें नेटिजन्स (इंटरनेट पर सक्रिय लोग) के लिए प्रसारित की जा रही सूची पर सचमुच विश्वास है तो उन्हें कानूनी प्रक्रिया का पालन करने और बिना इंतजार किए सीईओ कर्नाटक को जवाब देने में कोई समस्या नहीं होनी चाहिए।

## रेलवे ने चार माह में 2951 करोड़ से अधिक की ऑरिजिनेटिंग आय, गत वर्ष से 6 प्रतिशत का इजाफा

**जबलपुर.** महाप्रबंधक श्रीमती शोभना बंदोपाध्याय के द्वारा विभिन्न बैठकों में समय-समय पर पश्चिम मध्य रेलवे की ऑरिजिनेटिंग रेवेन्यू बढ़ाने के निर्देश दिए जाते हैं. इसी कड़ी में प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक एवं प्रमुख मुख्य परिचालन प्रबंधक के निर्देशन में वाणिज्य/परिचालन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा कार्य करते हुए जबलपुर, भोपाल एवं कोटा तीनों मण्डलों में रेल राजस्व बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास भी किये जा रहे हैं. जिसके चलते चालू वित्तीय वर्ष के अप्रैल से जुलाई तक पश्चिम मध्य रेल ने कुल रुपये 2951 करोड़ 13 लाख का ऑरिजिनेटिंग रेवेन्यू अर्जित किया, जो गत वर्ष इसी अवधि की तुलना में 2778 करोड़ 05 लाख ऑरिजिनेटिंग रेवेन्यू अर्जित किया है।




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नई दिल्ली में संसद सदस्यों के लिए नवनिर्मित फ्लैटों के उद्घाटन के दौरान श्रमजीवियों के साथ बातचीत करते हुए।

**देश** | विशेष सुरक्षा उपायों में शामिल हुए कई सिस्टम

## ड्रोन से निगरानी, 7,500 से ज़्यादा सुरक्षाकर्मी, स्नाइपर्स,15 अगस्त को लेकर दिल्ली में सुरक्षा व्यवस्था

एजेंसी

किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए, शहर के हर कोने में पुलिस बल तैनात किया जाएगा, जिससे दिल्ली एक तरह से किले में तब्दील हो जाएगी। जानकारी के अनुसार, संसद और लाल किले के आसपास भी उच्च सुरक्षा वाले क्षेत्र बनाए जाएँगे। राष्ट्रीय राजधानी 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस मनाने के लिए पूरी तरह तैयार है। दिल्ली पुलिस ने विशेष सुरक्षा उपाय लागू किए हैं, और लगभग 25,000 लोगों के इस समारोह में शामिल होने की उम्मीद है। किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए, शहर के हर कोने में पुलिस बल तैनात किया जाएगा, जिससे दिल्ली एक तरह से किले में तब्दील हो जाएगी। जानकारी के अनुसार, संसद और लाल किले के आसपास भी उच्च सुरक्षा वाले क्षेत्र बनाए जाएँगे।

**विशेष सुरक्षा उपायों में शामिल**

ड्रोन-रोधी प्रणालियाँ

800 से ज़्यादा सीसीटीवी कैमरे

प्रवेश द्वारों पर चेहरा पहचानने वाले सॉफ़्टवेयर से लैस कैमरा वैन

7,500 से ज़्यादा सुरक्षाकर्मी तैनात

उड़ने वाली वस्तुओं पर पूर्ण प्रतिबंध

ऊँची इमारतों पर स्नाइपर तैनात

लाल किला परिसर की निगरानी के लिए 366 कैमरे इस बीच, दिल्ली पुलिस ने लाइव सीसीटीवी निगरानी के लिए दो नियंत्रण कक्ष स्थापित किए हैं - एक लाल किले के अंदर और दूसरा बाहर। समारोह के दौरान कुल 426 कैमरों से सक्रिय रूप से निगरानी की जाएगी। इसके अतिरिक्त, एक स्थायी सीसीटीवी नियंत्रण कक्ष साल भर लाल किला परिसर पर 24/7 निगरानी के लिए 366 कैमरों का उपयोग करता है।



**सुरक्षा के लिए तैनात बल**

15 अगस्त को लाल किले पर बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था रहेगी, जिसमें दिल्ली पुलिस, अर्धसैनिक बल, एनएसजी कमांडो, मुख्य मंच के आसपास एसपीजी के जवान, सैन्य खुफिया और अन्य सुरक्षा एजेंसियां शामिल होंगी। 13 अगस्त को, फुल-ड्रेस रिहर्सल के दौरान, लाल किले के आसपास के सभी बाज़ार और सड़कें पूरी तरह से बंद रहेंगी और कई जगहों पर यातायात डायवर्जन लागू रहेगा।

**जनता से सहयोग का आग्रह**


14 अगस्त की दोपहर से लाल किले के आसपास के पूरे इलाके को सील कर दिया जाएगा। दिल्ली पुलिस ने नागरिकों से सुरक्षा एजेंसियों के साथ सहयोग करने, पुलिस की आँख और कान बनने और अपने आस-पास किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत सूचना देने की अपील की है।

## पाकिस्तानी सेना प्रमुख ने उगला भारत के खिलाफ जहर, फिर दी परमाणु हमले की धमकी

एजेंसी

इस्लामाबाद - पाकिस्तान के सेना प्रमुख फील्ड मार्शल आसिम मुनीर ने अमेरिका की धरती से भारत को परमाणु हमले की धमकी दी है। मुनीर ने चेतावनी दी कि यदि भविष्य में भारत के साथ युद्ध हुआ और पाकिस्तान के अस्तित्व पर खतरा मंडराया, तो वह पूरे क्षेत्र को परमाणु युद्ध में झोंक देंगे। यह पहली बार है जब किसी देश के सेना प्रमुख ने अमेरिकी धरती से किसी तीसरे देश के खिलाफ ऐसी धमकी दी है।

**भारत के बांध को 10 मिसाइलों से करेंगे नष्ट'** अमेरिका के टाम्पा शहर में आयोजित एक डिनर के दौरान मुनीर ने कहा, हम परमाणु संपन्न राष्ट्र हैं। अगर हमें लगा कि हम डूब रहे हैं तो आधी दुनिया को अपने साथ ले डूबेंगे। *द प्रिंट* के मुताबिक, ऑपरेशन सिंदूर में भारत से हार के बाद अपनी दूसरी अमेरिकी यात्रा में मुनीर ने सिंधु नदी के जल नियंत्रण को लेकर भारत पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, हम भारत के बांध बनाने का इंतजार करेंगे और जब वह ऐसा करेगा, तो हम उन्हें 10 मिसाइलों से नष्ट कर देंगे।



**अमेरिकी सैन्य अधिकारियों से मुलाकात** भारत के साथ 4 दिन के संघर्ष के बाद दूसरी बार वॉशिंगटन पहुंचे मुनीर ने अमेरिका के शीर्ष राजनीतिक और सैन्य अधिकारियों से भेंट की। टाम्पा में उन्होंने अमेरिकी सेंट्रल कमान (सेंटकॉम) के निवर्तमान कमांडर जनरल माइकल ई. कुरिल्ला के सेवानिवृत्ति समारोह और एडमिरल ब्रैड कूपर द्वारा कमान संभालने के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में भी हिस्सा लिया।

**दो महीने में दूसरा अमेरिका दौरा**

इससे पहले जून में मुनीर पांच दिवसीय अमेरिका यात्रा पर गए थे। उस दौरान वह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ दोपहर के भोजन में शामिल हुए, जो आमतौर पर किसी राष्ट्राध्यक्ष या शासनप्रमुख को ही दिया जाने वाला सम्मान है। मुलाकात के अंत में ट्रंप ने तेल सौदे समेत कई क्षेत्रों में अमेरिका-पाकिस्तान सहयोग बढ़ाने की घोषणा की थी।

### पाकिस्तान के बलूचिस्तान में जाफर एक्सप्रेस में बम ब्लास्ट से हड़कंप, ट्रेन के 6 डिब्बे पटरी से उतरे

**बलूचिस्तान ,एजेंसी ।** पाकिस्तान में ट्रेनों पर हो रहे हमले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। बलूचिस्तान के मस्तुंग जिले में रविवार को एक बार फिर जाफर एक्सप्रेस बम धमाके की चपेट में आ गई। इस हादसे में ट्रेन की छह बोगियां पटरी से उतर गईं। राहत की बात यह रही कि किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। पाकिस्तानी न्यूज चैनल डॉन के मुताबिक, यह हादसा स्पेजेंड स्टेशन के पास हुआ, जब क्वेटा से पेशावर जा रही जाफर एक्सप्रेस में लगभग 350 यात्री सवार थे। जैसे ही ट्रेन इस क्षेत्र से गुजरी, एक तेज धमाका हुआ। रेलवे ट्रैक पर पहले से बम लगाया गया था, जो ट्रेन गुजरते ही फट गया। धमाके से ट्रेन के कई डिब्बे पटरी से उतर गए और यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई।

## गाजा सिटी पर सैन्य नियंत्रण ही युद्ध खत्म करने का सबसे तेज तरीका : नेतन्याहू

तेल अवीव एजेंसी



इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने अपनी सरकार की उस योजना का बचाव किया, जिसमें गाजा सिटी पर पूर्ण सैन्य नियंत्रण लेने की बात कही गई है। उन्होंने इसे 'युद्ध को खत्म करने का सबसे तेज और असरदार तरीका' बताया। एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में नेतन्याहू ने कहा कि हमास द्वारा हथियार डालने से लगातार इनकार करने के कारण इजरायल के पास अपने सैन्य अभियान को आगे बढ़ाने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा है। उन्होंने कहा, हमास द्वारा हथियार डालने से इनकार करने के कारण, इजरायल के पास काम पूरा करने और हमास को पूरी तरह से पराजित करने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि इजरायली सेना का गाजा के 70-75 प्रतिशत हिस्से पर पहले से ही नियंत्रण है।

इस सैन्य कार्रवाई को लेकर अंतरराष्ट्रीय समुदाय, खासकर इजरायल के कुछ करीबी पश्चिमी सहयोगियों की तरफ से भारी आलोचना हुई है, जिसमें मानवीय संकट की आशंका जताई गई है। नेतन्याहू ने इस आलोचना को 'झूठा प्रचार' बताते हुए खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि यह अभियान केवल हमास को तेजी से हराने के लिए नहीं है, बल्कि नागरिकों को कम से कम नुकसान पहुंचाने के उद्देश्य से किया जा रहा है।

# आत्मसमर्पित माओवादी बहनों से राखी बँधवाकर दिया भाईचारे, विश्वास और शांति का संदेश

### उपमुख्यमंत्री ने राखी बँधवाकर किया अपना वादा पूरा



**सुकमा।** रक्षाबंधन के पावन अवसर पर उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने सुकमा में एक भावनात्मक और ऐतिहासिक कार्यक्रम में भाग लिया। नक्सल पुनर्वास केंद्र सुकमा में आत्मसमर्पित महिला नक्सलियों और बस्तर फाइटर के दीदियों ने उपमुख्यमंत्री को राखी बांधकर भाईचारे, विश्वास और शांति का सशक्त संदेश दिया।

कार्यक्रम के दौरान उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि विगत माह जब मैं सुकमा आया था तो मैंने पुनर्वास केंद्र की बहनों से वादा किया था कि रक्षाबंधन का पर्व आपके साथ मनाऊँगा। आज रक्षाबंधन के पावन अवसर पर मेरा यह वादा पूरा हुआ। सुकमा में रक्षाबंधन का यह अवसर केवल एक त्योहार नहीं, बल्कि सामाजिक जुड़ाव और स्थायी शांति का प्रतीक है। आप सभी को मैं यह विश्वास दिलाता हूँ कि जब तक आपका भाई है आपको चिंता करने या डरने की कोई बात नहीं है। आप अपने परिचितों को भी बताइए कि उधर कुछ नई रखा है पुनर्वास करें और समाज की मुख्य धारा में जुड़ें। आपके लिए प्रशिक्षण, खेल, मूवी, सांस्कृतिक कार्यक्रम आदि की व्यवस्था की जाएगी। आप सबके संपूर्ण व्यवस्थापन की जिम्मेदारी हमारी है। आप सभी को नेट कनेक्शन वाला मोबाइल प्रदान किया जाएगा। इसके साथ ही आप सभी को जल्द ही रायपुर भ्रमण में लेकर जाएँगे। कार्यक्रम के दौरान उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने आत्मसमर्पित माओवादियों से बातचीत की और कहा की आपका कोई सगा संबंधी किसी जेल में बंद है तो हमें बताना हम आपको उनसे मिलवाने की सम्पूर्ण व्यवस्था करेंगे।

कार्यक्रम के पश्चात नक्सल पुनर्वास केंद्र में पोदला उरस्कना वृक्षारोपण कार्यक्रम के अंतर्गत एक पेड़ शहीदों के नाम में शहीद अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश राव गिरपूंजे के नाम पर फलदार वृक्ष का रोपण किया गया। इसके साथ ही अन्य शहीदों के नाम पर भी नक्सल पुनर्वास केंद्र में पौधे रोपे गए। इस दौरान जनप्रतिनिधियों और वरिष्ठ अधिकारियों ने भी राखी बंधवाकर पर्व की गरिमा बढ़ाई। आयोजन में सुरक्षा बलों के जवान और स्थानीय लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे, जिन्होंने इस अनूठे क्षण का साक्षी बनकर बस्तर में भाईचारे की एक नई मिसाल कायम की।

कार्यक्रम में राज्य महिला आयोग कि सदस्य सुश्री दीपिका सोरी, जनप्रतिनिधि श्री धनीराम बारसे, जिला पंचायत सदस्य श्री हुंगाराम मरकाम, सचिव छत्तीसगढ़ शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास श्री भीम सिंह, आयुक्त बस्तर संभाग श्री डोमन सिंह, आईजी बस्तर श्री सुन्दरराज पी, डीआईजी श्री कमलोचन कश्यप, एसपी श्री किरण गंगाराम चव्हाण, डीएफओ श्री अक्षय कुमार भोसले, अतिरिक्त कलेक्टर श्री गजेन्द्र सिंह ठाकुर, सीईओ जिला पंचायत श्री मुकुन्द ठाकुर सहित वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे।

## सेगोरेगांव स्कूल में हुई पालक समिति की मेगा बैठक

नगरी। संकुल केंद्र अमालीअंतर्गत शासकीय प्राथमिक माध्यमिक शाला गोरेगांव में 8 अगस्त को विद्यालय प्रबंधन समिति एवं पालकों की मेगा बैठक ग्राम पंचायत गोरेगांव सरपंच कन्हैयालाल नाग, अध्यक्षता कौशल प्रसाद साहू प्रधान पाठक माध्यमिक शाला गोरेगांव ने किया। विशिष्ट अतिथि थे, जीवन लाल यादव उप सरपंच, प्रबंधन समिति अध्यक्ष नारद राम साहू, ओमप्रकाश नेताम, देविका बंजारे, संत कुमार यदुराज ग्राम पटेल, लेखराम गंगबेर अध्यक्ष ग्राम सभा, पूर्व सरपंच मालती ध्रुव,थे। अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के पूजा अर्चना के पश्चात कार्यक्रम में शिक्षा गुणवत्ता में पालक एवं समुदाय की भूमिका और सहभागिता पर विस्तृत चर्चा हुई। प्रधान पाठक के पी साहू ने कार्यक्रम की आवश्यकता एवं उद्देश्य पर प्रकाश डाला । चर्चा के प्रमुख बिंदुओं में मेरा कोना, छात्र दिनचर्या, बच्चों ने आज क्या सीखा। बच्चा बोलेगा बेझिझक, बच्चों की आकस्मिक प्रगति एवं परीक्षा पर चर्चा, पुस्तक की उपलब्धता सुनिश्चित करना। बस्तर रहित शनिवार, जाति आय निवास प्रमाण पत्र की जानकारी, नेवता भोज विद्यार्थियों के आयु कक्षा रूप स्वास्थ्य परीक्षण एवं पोषण की जानकारी दिया गया। समिति द्वारा स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाने बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम किये जाने कर निर्णय लिया।कार्यक्रम में व्ही के युवराज, किरण बनपेला, पर उ राम यादव, ईश्वरी ऐल्मा, भूपेश्वरी यदुराज, शिक्षक गीतांजलि मेश्राम रूपवती पटेल राकेश कुमार कोसरिया चंद्रप्रभा साहू उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन चुलेश्वरी पायल व आभार प्रदर्शन मेश्राम मैडम ने किया।

# भोपालपटनम में मनाया गया विश्व आदिवासी दिवस, अलग धर्म कोड की मांग ने पकड़ा जोर

### राजनीति से दूर रहने की सलाह और शोषण का आरोप



**भोपालपटनम ।** विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर सर्व आदिवासी समाज ने भोपालपटनम में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें समाज की एकजुटता पर जोर दिया गया। इस दौरान समाज ने शासन और प्रशासन से अपनी कई महत्वपूर्ण मांगें रखीं और राजनीतिक दलों से दूरी बनाए रखने का आह्वान किया।

पुराने हाई स्कूल मैदान में आयोजित कार्यक्रम में सामाजिक पदाधिकारियों ने राजनीतिक पार्टियों की कड़ी आलोचना की। सर्व आदिवासी समाज के ब्लॉक अध्यक्ष काका महेंद्र ने समाज के सदस्यों को एकजुट रहने की सलाह दी, जबकि कमल सिंह कोर्राम ने एक नई राह सुझाते हुए कहा कि आदिवासियों को किसी भी राजनीतिक पार्टी को वोट नहीं देना चाहिए। उन्होंने समाज से अपनी खुद की एक अलग पार्टी बनाकर अपने प्रतिनिधियों को केंद्र और राज्य में भेजने की बात कही। कोर्राम ने कहा कि केवल समाज द्वारा चुने गए प्रतिनिधि ही उनके हितों की रक्षा कर सकते हैं, क्योंकि दशकों से सरकारों ने विकास के नाम पर सिर्फ शोषण किया है।

आदिवासी समाज ने अपनी पहचान और संस्कृति को बचाने के लिए एक अलग धर्म कोड की मांग को पुरजोर तरीके से उठाया। समाज प्रमुखों ने बताया कि आजादी से पहले उनका एक अलग धर्म कोड था, लेकिन बाद में सरकारों ने उसे दूसरे धर्मों में मिला दिया। इससे समाज के लोगों को दूसरे धर्मों को अपनाने के लिए मजबूर होना पड़ा। समाज ने केंद्र और राज्य सरकारों से अपील की है कि वे इस पर ध्यान दें और उनके लिए एक अलग धर्म कोड स्थापित करें, जिससे उनकी संस्कृति और रीति-रिवाज सुरक्षित रह सकें।

इस सफल आयोजन के पीछे आयोजन समिति के अध्यक्ष अशोक मड़े सहित समिति के सदस्यों की एक महीने की मेहनत थी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्री मरपल्ली, अध्यक्ष कोरम एलैया और विशिष्ट अतिथि पेरे पुलैया, कामेश्वर गौतम, शशिकला ध्रुव, अशोक तलाण्डी, राजेश्वरी ठाकुर और आलम कामेश्वर सहित बड़ी संख्या में महिला और पुरुष उपस्थित थे।

## हत्या मामले को लेकर लापरवाही पर पुलिसिया कार्रवाई, एसआई निलंबित, टीआई लाइन अटैच

**बिलासपुर ।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले में एक युवक की हत्या के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है। एसएसपी रजनेश सिंह ने लापरवाही बरतने वाले पुलिस अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए सहायक उपनिरीक्षक गजेंद्र शर्मा को निलंबित कर दिया है, जबकि कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक विवेक पांडेय को लाइन अटैच कर दिया गया है। यह कदम 8 अगस्त को हुई दीपक साहू की हत्या के बाद उठाया गया, जिसकी शिकायत पीड़ित ने पहले ही दर्ज करवाई थी लेकिन पुलिस की अनदेखी के चलते समय रहते कार्रवाई नहीं हो सकी।

घटना की शुरुआत 5 अगस्त को हुई थी जब दीपक साहू ने कोतवाली थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि गणेश रजक नामक व्यक्ति ने उसके साथ बेल्ट से मारपीट की है। रिपोर्ट दर्ज करने के बाद एसआई गजेंद्र शर्मा ने पीड़ित का मेडिकल परीक्षण तो कराया, लेकिन आरोपी के खिलाफ किसी प्रकार की कड़ी कार्रवाई नहीं की गई। नतीजा यह हुआ कि 8 अगस्त को गणेश रजक ने दीपक की चाकू मारकर हत्या कर दी।

इस गंभीर लापरवाही के चलते एसएसपी ने तत्काल कदम उठाया। एसआई गजेंद्र शर्मा को कर्तव्य में घोर लापरवाही और अनुशासनहीनता के चलते निलंबित करते हुए रक्षित केंद्र में अटैच कर दिया गया है। वहीं, थाना प्रभारी विवेक पांडेय को अधीनस्थों पर नियंत्रण न रखने और मामलों की निगरानी में चूक के चलते लाइन अटैच किया गया है।

## धमतरी पुलिस ने गौवंश तस्करी करने वालों के विरुद्ध की कार्यवाही

**धमतरी।** चौकी बिरेझर पुलिस ने मवेशियों से भरी पिकअप किया जब्त,होगा राजसात, आरोपियों को भेजा जेल। गौवंश तस्करी करने वालों के विरुद्ध धमतरी पुलिस द्वारा सतत कार्यवाही रहेगी जारी। एसपी. धमतरी के निर्देश पर धमतरी पुलिस चौकी बिरेझर ने ग्राम मुरा एवं गणेशपुर रोड के मध्य दबिश देकर गौवंश तस्करी कर रहे तीन आरोपियों को रंगे हाथ पकड़ा।(01) जीवन साहू पिता नंदलाल साहू उम्र 30 वर्ष, साकिन मुरा,चौकी बिरेझर, थाना कुरूद,जिला धमतरी (छ.ग.)

(02) द्रोण साहू पिता नरेन्द्र साहू उम्र 19 वर्ष, साकिन बरबसपुर थाना रानीतराई, जिला दुर्ग(छ.ग.)(03 मयंक खुटेल पिता मोहन खुटेल उम्र 19 वर्ष, साकिन बरबसपुर थाना रानीतराई, जिला दुर्ग(छ.ग.)आरोपी अपने पिकअप वाहन क्रमांक CG-04 PC-6429 में 06 नग बछड़ों (कीमती 1,25,000/-रूपये) को बिना चारा-पानी के बरबरता पूर्वक भरकर अवैध रूप से परिवहन कर रहे थे। वाहन की कीमत 3,00,000/- रूपये आंकी गई है। कुल जुमला 4,25,000/- रूपये का माल जप्त किया गया।

आरोपियों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ कृषिक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 की धारा 4, 6, 10 तथा पशु क्रूरता निवारण अधिनियम 1960 की धारा 11(डी) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विधिवत गिरफ्तार किया गया। आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है।

## शालेय खेल के अंतर्गत विकासखंड स्तरीय हैंडबॉल चयन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया

**नगरी ।** दिन शुक्रवार को शालेय खेल के अंतर्गत विकासखंड स्तरीय हैंडबॉल चयन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ व्यायाम शिक्षक श्री थॉमस पॉल, विकास खंड खेल प्रभारी खेमराज साहू, व्यायाम शिक्षक खोमन सहारे , अशोक कुमार गजबल्ला, श्री मती धनेन्द्र सोरी , कमलेश कुमार साहू, केशव कुमार जलक्षत्री, श्री मती लक्ष्मी ध्रुव उपस्थित थे द्य इस चयन प्रतियोगिता में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दुगली, माध्यमिक शाला दिनकरपुर, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय केरेगांव के लगभग 70 खिलाड़ी उपस्थित हुए द्य खेल कौशल के आधार पर विकास खंड नगरी के बालक व बालिका अंडर 14,17,19 का चयन किया गया।

# दूरस्थ क्षेत्रों में बैंकिंग सेवाओं का लाभ पहुंचना सरकार का लक्ष्य - विष्णुदेव साय

### मुख्यमंत्री ने जिले में 3 नए छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक का किया शुभारंभ

### ग्राम आरा, कुड़ेकेला और छिछली में खुला ग्रामीण बैंक

### तीनों ग्राम पंचायतों के लगभग 44 हजार लोगों को मिलेगा लाभ



**जशपुरनगर ।** जशपुर जिले के दूरस्थ क्षेत्रों में बैंकिंग सेवाओं का तेजी से विस्तार हो रहा है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने जिले के समग्र विकास के एजेंडा में स्वास्थ्य, शिक्षा और अधोसंरचना के साथ-साथ बैंकिंग सुविधाओं को भी प्राथमिकता दी है, ताकि ग्रामीण अंचलों के लोगों को वित्तीय सेवाएं आसानी से उपलब्ध हो सके। इसी कड़ी में आज मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने कैंप कार्यालय में जशपुर विकास खंड के ग्राम आरा, पत्थलगांव विकास खंड के ग्राम कुड़ेकेला (घरजियाबथान) और दूरस्थ और पाठ क्षेत्र बगीचा विकास खंड के ग्राम छिछली में छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंकों की शाखा का वर्चुअली लोकार्पण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक के 12 वें वार्षिक प्रतिवेदन का लोकार्पण भी किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने ग्राम आरा, कुड़ेकेला और छिछली के जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों को वर्चुअली संबोधित करते हुए रक्षाबंधन की बधाई दी और कहा कि मुझे बहुत खुशी हो रही है कि आज हमारे जशपुर जिले के तीन विकासखंडों में नागरिकों को 03 छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंकों की सौगात मिल रही है। तीनों बैंक खुलने से इसका लाभ 23 ग्राम पंचायतों सहित उनके 48 आश्रित ग्रामों के लगभग 44 हजार ग्रामीणों को मिलेगा। अब क्षेत्र के किसानों, व्यापारियों, आम नागरिकों को बैंक से संबंधित कार्यों के लिए लम्बी दूरी तय नहीं करनी पड़ेगी। इससे समय और पैसे की भी बचत होगी। उन्होंने कहा कि राज्य और जिले के दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में भी बैंकिंग सुविधाएं मिले इसके लिए बैंकों से संपर्क कर नई शाखा खोलने का प्रयास किया जा रहा है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि यह खुशी की बात है कि जिले में 268 पंचायतों में शुरू की गई अटल डिजिटल सुविधा केंद्र के माध्यम से ग्रामीणों को उनके ग्राम में ही सुलभ वित्तीय सेवा उपलब्ध कराया जा रहा है। अब तक इन सुविधा केंद्रों के माध्यम से लगभग 15 करोड़ रुपए का लेनदेन किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि आगामी पंचायत दिवस को सभी पंचायतों में अटल डिजिटल सुविधा केंद्र शुरू करने की योजना है। मुख्यमंत्री से चर्चा के दौरान छिछली के सरपंच श्री अनिमा मिंज, आरा सरपंच श्री मनोज भगत और कुड़ेकेला सरपंच शशिकांता पैंकरा ने उनके क्षेत्र में ग्रामीण बैंक खोले जाने के लिए मुख्यमंत्री श्री साय के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि अब यहां पर सभी बैंकिंग सुविधाएं मिलेगी।

# छत्तीसगढ़ में फिर सक्रिय होगा मानसून, अगले 5 दिनों तक बारिश-बिजली के आसार



**रायपुर।** मौसम विभाग ने आगामी दिनों में बंगाल की खाड़ी पर नया सिस्टम बनने की संभावना जताई है, जिससे प्रदेश में अगले 5 दिनों तक बिजली चमकने और मध्यम बारिश की संभावना है। बीते 24 घंटों में कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई, जबकि कोरिया जिले के सोनहत में भारी वर्षा हुई।

पिछले 24 घंटे में प्रमुख वर्षा सोनहत 7 सेमी, लोरमी 5 सेमी, पेंड्रा 4 सेमी, बैकुंठपुर 3 सेमी, पिपरिया 3 सेमी, राजनांदगांव 3 सेमी समेत अन्य स्थानों पर 1 से 3 सेमी तक बारिश हुई।

### आज का अलर्ट

मौसम विभाग ने उत्तर छत्तीसगढ़ में भारी वर्षा और प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों में आंधी के साथ तेज बारिश की चेतावनी दी है। राजनांदगांव में अधिकतम तापमान 34 डिग्री दर्ज किया गया।

### सिनोप्टिक स्थिति

मानसून की द्रोणिका भटिंडा से होते हुए उत्तर-पूर्व बंगाल की खाड़ी तक फैली है। इसके अलावा पश्चिमी उत्तर प्रदेश, दक्षिण तटीय आंध्र प्रदेश और बिहार-झारखंड के ऊपर अलग-अलग ऊपरी हवा के चक्रवाती परिसंचरण सक्रिय हैं, जो प्रदेश में बारिश के लिए अनुकूल स्थिति बना रहे हैं।

### रायपुर में मौसम

राजधानी रायपुर में आज दिनभर बादल छाए रहेंगे और गरज-चमक के साथ बूंदाबांदी की संभावना है। तापमान 25 से 33 डिग्री के बीच रह सकता है।

# फसल बीमा के नाम पर किसानों से हो रही है ठगी : अभिषेक डेविड

### दिव्या रंगारी राष्ट्रीय बास्केटबॉल प्रशिक्षण शिविर के लिए चेन्नई रवाना

### महासमुंद की दिव्या भारतीय बास्केटबॉल टीम के राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर में शामिल



**महासमुंद ।** अंडर 16 एशियन वूमेंस चैंपियनशिप 2025 का आयोजन मलेशिया में 14 से 20 सितम्बर 2025 तक आयोजित किया जाना है। जिसके लिए बास्केटबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 10 अगस्त से 12 सितंबर 2025 तक नेशनल स्पोर्ट्स सेंटर चेन्नई में आयोजित किया गया है। जिसमें भारतीय अंडर 16 महिला राष्ट्रीय बास्केटबॉल टीम शामिल होगी। छत्तीसगढ़ प्रदेश बास्केटबॉल एसोसिएशन द्वारा छत्तीसगढ़ से एकमात्र बास्केटबॉल खिलाड़ी महासमुंद जिले की दिव्या रंगारी पिता विनोद रंगारी शामिल होने आज चेन्नई के लिए रवाना हुई। एशिया कप स्क्क क्वालिफायर चैंपियनशिप मालदीप में दिव्या ने स्वर्ण पदक जीता - साऊथ एशियन जोन की टीम का चयन हेतु अंडर 16 एशिया कप स्क्क क्वालिफायर बास्केटबॉल चैंपियनशिप का आयोजन 12 से 15 जून 2025 तक मालदीप में आयोजित किया गया था जिसमें भारतीय टीम ने बेहतर प्रदर्शन करने के साथ चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता एवं एशियन चैंपियनशिप मलेशिया के लिए क्वालीफाई किया था। भारतीय टीम में महासमुंद छत्तीसगढ़ से दिव्या रंगारी ने अपना बेहतरीन प्रदर्शन किया। दिव्या रंगारी मिनी स्टेडियम महासमुंद में नियमित अभ्यास करते हुए राष्ट्रीय चैंपियनशिप में शामिल होने के साथ ही इंडिया टीम में जगह बनाने में सफल रहीं हैं। भारतीय टीम का राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर होने के पश्चात् भारतीय टीम स्नढ्ढक्क अंडर 16 एशियन वूमेंस चैंपियनशिप 2025 मलेशिया में दिनांक 14 से 20 सितम्बर तक आयोजित किया जाएगा जिसमें भारतीय टीम साऊथ एशियन जोन की टीम से शामिल होगी। इससे पहले दिव्या ने 48 वीं सब जूनियर नेशनल बास्केटबॉल चैंपियनशिप अगस्त 2023 पांडिचेरी में छत्तीसगढ़ की बालिका टीम से खेलते हुए स्वर्ण पदक

# विद्युत लाईन बिछाने का कार्य का भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव ने किया भूमिपूजन

### 7 करोड़ 16 लाख रुपए लागत से विश्व प्रसिद्ध बस्तर दशहरा में रथ परिक्रमा मार्ग में भूमिगत

### श्यामा प्रसाद मुखर्जी सभागार में आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक श्री किरण देव एवं महापौर श्री संजय पांडे हुए शामिल

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक श्री किरण देव की मांग पर मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने दी थी भूमिगत विद्युत लाईन बिछाने की स्वीकृति

**जगदलपुर ।** शहर के श्यामा प्रसाद मुखर्जी सभागार टाऊन हॉल में बस्तर के विश्व प्रसिद्ध दशहरा पर रथ परिक्रमा मार्ग पर भूमिगत विद्युत लाईन बिछाने के कार्य की भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक श्री किरण देव ने किया विधिवत भूमिपूजन । टाऊन हॉल में आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रम में संबोधित करते हुये भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक श्री किरण देव ने कहा कि बस्तर के विश्व प्रसिद्ध दशहरा में रथ परिक्रमा मार्ग पर भूमिगत विद्युत लाईन बिछाने के संबंध में विशेष आग्रह पर मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जी ने विश्व प्रसिद्ध दशहरा में रथ परिक्रमा में भूमिगत विधुत तार बिछाने की स्वीकृति प्रदान की थी । जिसका आज 07 करोड़ 16 लाख रुपए की लागत से सिरहासार चौक से लालबाग आमागुड़ा चौक तक भूमिगत विद्युत केबल बिछाने का भूमिपूजन कर शुभारंभ किया गया । श्री किरण देव ने कहा विश्व प्रसिद्ध दशहरा पर्व पर रथ परिक्रमा मार्ग पर भूमिगत विद्युत तार बिछाने का आग्रह पत्र प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय को देकर भूमिगत विद्युत तार बिछाने की मांग पर स्वीकृति दी थी। मांग को स्वीकार करते हुए मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने दशहरा पर्व के दौरान रथ परिक्रमा मार्ग पर भूमिगत विद्युत लाइन बिछाने की स्वीकृति प्रदान की थी । भूमिगत विद्युत लाईन बिछाने का कार्य प्रारंभ होने पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक श्री किरण देव ने मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जी का सहृदय धन्यवाद ज्ञापित किया है । भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक श्री किरण देव ने बस्तर वासियों की बरसों पुरानी मांग विश्व प्रसिद्ध दशहरा में भूमिगत विद्युत लाईन बिछाने की मांग पूरी हो रही है। बस्तर के विश्व प्रसिद्ध दशहरा पर रथ परिचालन के दौरान परिक्रमा मार्ग दंतेश्वरी मंदिर से सिरहासार चौक, गोल बाजार चौक, टेकरी वाले हनुमान मंदिर मार्ग, बाहर रैनी ,भीतर रैनी रथ परिचालन स्टेट बैंक चौक से सिटी कोतवाली लालबाग से कुम्हड़ाकोट क्षेत्र तक बस्तर दशहरा का रथ का परिक्रमा होता है रथ परिक्रमा के दौरान इन मार्गो पर विद्युत सेवा बाधित होती है जिसके लिए भूमिगत विद्युत तार बिछाने की अत्यधिक आवश्यकता थी ।

# आत्मसमर्पित माओवादी बहनों से राखी बँधवाकर दिया भाईचारे, विश्वास और शांति का संदेश

### उपमुख्यमंत्री ने राखी बँधवाकर किया अपना वादा पूरा



**सुकमा।** रक्षाबंधन के पावन अवसर पर उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने सुकमा में एक भावनात्मक और ऐतिहासिक कार्यक्रम में भाग लिया। नक्सल पुनर्वास केंद्र सुकमा में आत्मसमर्पित महिला नक्सलियों और बस्तर फाइटर के दीदियों ने उपमुख्यमंत्री को राखी बांधकर भाईचारे, विश्वास और शांति का सशक्त संदेश दिया।

कार्यक्रम के दौरान उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि विगत माह जब मैं सुकमा आया था तो मैंने पुनर्वास केंद्र की बहनों से वादा किया था कि रक्षाबंधन का पर्व आपके साथ मनाऊँगा। आज रक्षाबंधन के पावन अवसर पर मेरा यह वादा पूरा हुआ। सुकमा में रक्षाबंधन का यह अवसर केवल एक त्योहार नहीं, बल्कि सामाजिक जुड़ाव और स्थायी शांति का प्रतीक है। आप सभी को मैं यह विश्वास दिलाता हूँ कि जब तक आपका भाई है आपको चिंता करने या डरने की कोई बात नहीं है। आप अपने परिचितों को भी बताइए कि उधर कुछ नई रखा है पुनर्वास करें और समाज की मुख्य धारा में जुड़ें। आपके लिए प्रशिक्षण, खेल, मूवी, सांस्कृतिक कार्यक्रम आदि की व्यवस्था की जाएगी। आप सबके संपूर्ण व्यवस्थापन की जिम्मेदारी हमारी है। आप सभी को नेट कनेक्शन वाला मोबाइल प्रदान किया जाएगा। इसके साथ ही आप सभी को जल्द ही रायपुर भ्रमण में लेकर जाएँगे। कार्यक्रम के दौरान उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने आत्मसमर्पित माओवादियों से बातचीत की और कहा की आपका कोई सगा संबंधी किसी जेल में बंद है तो हमें बताना हम आपको उनसे मिलवाने की सम्पूर्ण व्यवस्था करेंगे।

कार्यक्रम के पश्चात नक्सल पुनर्वास केंद्र में पोदला उरस्कना वृक्षारोपण कार्यक्रम के अंतर्गत एक पेड़ शहीदों के नाम में शहीद अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश राव गिरपूंजे के नाम पर फलदार वृक्ष का रोपण किया गया। इसके साथ ही अन्य शहीदों के नाम पर भी नक्सल पुनर्वास केंद्र में पौधे रोपे गए। इस दौरान जनप्रतिनिधियों और वरिष्ठ अधिकारियों ने भी राखी बंधवाकर पर्व की गरिमा बढ़ाई। आयोजन में सुरक्षा बलों के जवान और स्थानीय लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे, जिन्होंने इस अनूठे क्षण का साक्षी बनकर बस्तर में भाईचारे की एक नई मिसाल कायम की।

कार्यक्रम में राज्य महिला आयोग कि सदस्य सुश्री दीपिका सोरी, जनप्रतिनिधि श्री धनीराम बारसे, जिला पंचायत सदस्य श्री हुंगाराम मरकाम, सचिव छत्तीसगढ़ शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास श्री भीम सिंह, आयुक्त बस्तर संभाग श्री डोमन सिंह, आईजी बस्तर श्री सुन्दरराज पी, डीआईजी श्री कमलोचन कश्यप, एसपी श्री किरण गंगाराम चव्हाण, डीएफओ श्री अक्षय कुमार भोसले, अतिरिक्त कलेक्टर श्री गजेन्द्र सिंह ठाकुर, सीईओ जिला पंचायत श्री मुकुन्द ठाकुर सहित वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे।

## सेगोरेगांव स्कूल में हुई पालक समिति की मेगा बैठक

नगरी। संकुल केंद्र अमालीअंतर्गत शासकीय प्राथमिक माध्यमिक शाला गोरेगांव में 8 अगस्त को विद्यालय प्रबंधन समिति एवं पालकों की मेगा बैठक ग्राम पंचायत गोरेगांव सरपंच कन्हैयालाल नाग, अध्यक्षता कौशल प्रसाद साहू प्रधान पाठक माध्यमिक शाला गोरेगांव ने किया। विशिष्ट अतिथि थे, जीवन लाल यादव उप सरपंच, प्रबंधन समिति अध्यक्ष नारद राम साहू, ओमप्रकाश नेताम, देविका बंजारे, संत कुमार यदुराज ग्राम पटेल, लेखराम गंगबेर अध्यक्ष ग्राम सभा, पूर्व सरपंच मालती ध्रुव,थे। अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के पूजा अर्चना के पश्चात कार्यक्रम में शिक्षा गुणवत्ता में पालक एवं समुदाय की भूमिका और सहभागिता पर विस्तृत चर्चा हुई। प्रधान पाठक के पी साहू ने कार्यक्रम की आवश्यकता एवं उद्देश्य पर प्रकाश डाला । चर्चा के प्रमुख बिंदुओं में मेरा कोना, छात्र दिनचर्या, बच्चों ने आज क्या सीखा। बच्चा बोलेगा बेझिझक, बच्चों की आकस्मिक प्रगति एवं परीक्षा पर चर्चा, पुस्तक की उपलब्धता सुनिश्चित करना। बस्तर रहित शनिवार, जाति आय निवास प्रमाण पत्र की जानकारी, नेवता भोज विद्यार्थियों के आयु कक्षा रूप स्वास्थ्य परीक्षण एवं पोषण की जानकारी दिया गया। समिति द्वारा स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाने बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम किये जाने कर निर्णय लिया।कार्यक्रम में व्ही के युवराज, किरण बनपेला, पर उ राम यादव, ईश्वरी ऐल्मा, भूपेश्वरी यदुराज, शिक्षक गीतांजलि मेश्राम रूपवती पटेल राकेश कुमार कोसरिया चंद्रप्रभा साहू उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन चुलेश्वरी पायल व आभार प्रदर्शन मेश्राम मैडम ने किया।

# भोपालपटनम में मनाया गया विश्व आदिवासी दिवस, अलग धर्म कोड की मांग ने पकड़ा जोर

### राजनीति से दूर रहने की सलाह और शोषण का आरोप



**भोपालपटनम ।** विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर सर्व आदिवासी समाज ने भोपालपटनम में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें समाज की एकजुटता पर जोर दिया गया। इस दौरान समाज ने शासन और प्रशासन से अपनी कई महत्वपूर्ण मांगें रखीं और राजनीतिक दलों से दूरी बनाए रखने का आह्वान किया।

पुराने हाई स्कूल मैदान में आयोजित कार्यक्रम में सामाजिक पदाधिकारियों ने राजनीतिक पार्टियों की कड़ी आलोचना की। सर्व आदिवासी समाज के ब्लॉक अध्यक्ष काका महेंद्र ने समाज के सदस्यों को एकजुट रहने की सलाह दी, जबकि कमल सिंह कोरॉम ने एक नई राह सुझाते हुए कहा कि आदिवासियों को किसी भी राजनीतिक पार्टी को वोट नहीं देना चाहिए। उन्होंने समाज से अपनी खुद की एक अलग पार्टी बनाकर अपने प्रतिनिधियों को केंद्र और राज्य में भेजने की बात कही। कोरॉम ने कहा कि केवल समाज द्वारा चुने गए प्रतिनिधि ही उनके हितों की रक्षा कर सकते हैं, क्योंकि दशकों से सरकारों ने विकास के नाम पर सिर्फ शोषण किया है।

आदिवासी समाज ने अपनी पहचान और संस्कृति को बचाने के लिए एक अलग धर्म कोड की मांग को पुरजोर तरीके से उठाया। समाज प्रमुखों ने बताया कि आजादी से पहले उनका एक अलग धर्म कोड था, लेकिन बाद में सरकारों ने उसे दूसरे धर्मों में मिला दिया। इससे समाज के लोगों को दूसरे धर्मों को अपनाने के लिए मजबूर होना पड़ा। समाज ने केंद्र और राज्य सरकारों से अपील की है कि वे इस पर ध्यान दें और उनके लिए एक अलग धर्म कोड स्थापित करें, जिससे उनकी संस्कृति और रीति-रिवाज सुरक्षित रह सकें।

इस सफल आयोजन के पीछे आयोजन समिति के अध्यक्ष अशोक मड़े सहित समिति के सदस्यों की एक महीने की मेहनत थी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्री मरपल्ली, अध्यक्ष कोरम एलैया और विशिष्ट अतिथि पेरे पुलैया, कामेश्वर गौतम, शशिकला ध्रुव, अशोक तलाण्डी, राजेश्वरी ठाकुर और आलम कामेश्वर सहित बड़ी संख्या में महिला और पुरुष उपस्थित थे।

## हत्या मामले को लेकर लापरवाही पर पुलिसिया कार्रवाई, एसआई निलंबित, टीआई लाइन अटैच

**बिलासपुर ।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले में एक युवक की हत्या के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है। एसएसपी रजनेश सिंह ने लापरवाही बरतने वाले पुलिस अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए सहायक उपनिरीक्षक गजेंद्र शर्मा को निलंबित कर दिया है, जबकि कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक विवेक पांडेय को लाइन अटैच कर दिया गया है। यह कदम 8 अगस्त को हुई दीपक साहू की हत्या के बाद उठाया गया, जिसकी शिकायत पीड़ित ने पहले ही दर्ज करवाई थी लेकिन पुलिस की अनदेखी के चलते समय रहते कार्रवाई नहीं हो सकी।

घटना की शुरुआत 5 अगस्त को हुई थी जब दीपक साहू ने कोतवाली थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि गणेश रजक नामक व्यक्ति ने उसके साथ बेल्ट से मारपीट की है। रिपोर्ट दर्ज करने के बाद एसआई गजेंद्र शर्मा ने पीड़ित का मेडिकल परीक्षण तो कराया, लेकिन आरोपी के खिलाफ किसी प्रकार की कड़ी कार्रवाई नहीं की गई। नतीजा यह हुआ कि 8 अगस्त को गणेश रजक ने दीपक की चाकू मारकर हत्या कर दी।

इस गंभीर लापरवाही के चलते एसएसपी ने तत्काल कदम उठाया। एसआई गजेंद्र शर्मा को कर्तव्य में घोर लापरवाही और अनुशासनहीनता के चलते निलंबित करते हुए रक्षित केंद्र में अटैच कर दिया गया है। वहीं, थाना प्रभारी विवेक पांडेय को अधीनस्थों पर नियंत्रण न रखने और मामलों की निगरानी में चूक के चलते लाइन अटैच किया गया है।

## धमतरी पुलिस ने गौवंश तस्करी करने वालों के विरुद्ध की कार्यवाही

**धमतरी।** चौकी बिरेझर पुलिस ने मवेशियों से भरी पिकअप किया जब्त,होगा राजसात, आरोपियों को भेजा जेल। गौवंश तस्करी करने वालों के विरुद्ध धमतरी पुलिस द्वारा सतत कार्यवाही रहेगी जारी। एसपी. धमतरी के निर्देश पर धमतरी पुलिस चौकी बिरेझर ने ग्राम मुरा एवं गणेशपुर रोड के मध्य दबिश देकर गौवंश तस्करी कर रहे तीन आरोपियों को रंगे हाथ पकड़ा।(01) जीवन साहू पिता नंदलाल साहू उम्र 30 वर्ष, साकिन मुरा,चौकी बिरेझर, थाना कुरूद,जिला धमतरी (छ.ग.)

(02) द्रोण साहू पिता नरेन्द्र साहू उम्र 19 वर्ष, साकिन बरबसपुर थाना रानीतराई, जिला दुर्ग(छ.ग.)(03 मयंक खुटेल पिता मोहन खुटेल उम्र 19 वर्ष, साकिन बरबसपुर थाना रानीतराई, जिला दुर्ग(छ.ग.)आरोपी अपने पिकअप वाहन क्रमांक छत्त-04 क्क्ष-6429 में 06 नग बछड़ों (कीमती 1,25,000/-रूपये) को बिना चारा-पानी के बरबरता पूर्वक भरकर अवैध रूप से परिवहन कर रहे थे। वाहन की कीमत 3,00,000/- रूपये आंकी गई है। कुल जुमला 4,25,000/- रूपये का माल जप्त किया गया।

आरोपियों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ कृषिक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 की धारा 4, 6, 10 तथा पशु क्रूरता निवारण अधिनियम 1960 की धारा 11(डी) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विधिवत गिरफ्तार किया गया। आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है।

## शालेय खेल के अंतर्गत विकासखंड स्तरीय हैंडबॉल चयन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया

**नगरी ।** दिन शुक्रवार को शालेय खेल के अंतर्गत विकासखंड स्तरीय हैंडबॉल चयन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ व्यायाम शिक्षक श्री थॉमस पॉल, विकास खंड खेल प्रभारी खेमराज साहू, व्यायाम शिक्षक खोमन सहारे , अशोक कुमार गजबल्ला, श्री मती धनेन्द्र सोरी , कमलेश कुमार साहू, केशव कुमार जलक्षत्री, श्री मती लक्ष्मी ध्रुव उपस्थित थे द्य इस चयन प्रतियोगिता में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दुगली, माध्यमिक शाला दिनकरपुर, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय केरेगांव के लगभग 70 खिलाड़ी उपस्थित हुए द्य खेल कौशल के आधार पर विकास खंड नगरी के बालक व बालिका अंडर 14,17,19 का चयन किया गया।

# दूरस्थ क्षेत्रों में बैंकिंग सेवाओं का लाभ पहुंचना सरकार का लक्ष्य - विष्णुदेव साय

### मुख्यमंत्री ने जिले में 3 नए छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक का किया शुभारंभ

### ग्राम आरा, कुड़ेकेला और छिछली में खुला ग्रामीण बैंक

### तीनों ग्राम पंचायतों के लगभग 44 हजार लोगों को मिलेगा लाभ



**जशपुरनगर ।** जशपुर जिले के दूरस्थ क्षेत्रों में बैंकिंग सेवाओं का तेजी से विस्तार हो रहा है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने जिले के समग्र विकास के एजेंडा में स्वास्थ्य, शिक्षा और अधोसंरचना के साथ-साथ बैंकिंग सुविधाओं को भी प्राथमिकता दी है, ताकि ग्रामीण अंचलों के लोगों को वित्तीय सेवाएं आसानी से उपलब्ध हो सके। इसी कड़ी में आज मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने कैंप कार्यालय में जशपुर विकास खंड के ग्राम आरा, पत्थलगांव विकास खंड के ग्राम कुड़ेकेला (घरजियाबथान) और दूरस्थ और पाठ क्षेत्र बगीचा विकास खंड के ग्राम छिछली में छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंकों की शाखा का वर्चुअली लोकार्पण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक के 12 वें वार्षिक प्रतिवेदन का लोकार्पण भी किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने ग्राम आरा, कुड़ेकेला और छिछली के जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों को वर्चुअली संबोधित करते हुए रक्षाबंधन की बधाई दी और कहा कि मुझे बहुत खुशी हो रही है कि आज हमारे जशपुर जिले के तीन विकासखंडों में नागरिकों को 03 छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंकों की सौगात मिल रही है। तीनों बैंक खुलने से इसका लाभ 23 ग्राम पंचायतों सहित उनके 48 आश्रित ग्रामों के लगभग 44 हजार ग्रामीणों को मिलेगा। अब क्षेत्र के किसानों, व्यापारियों, आम नागरिकों को बैंक से संबंधित कार्यों के लिए लम्बी दूरी तय नहीं करनी पड़ेगी। इससे समय और पैसे की भी बचत होगी। उन्होंने कहा कि राज्य और जिले के दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में भी बैंकिंग सुविधाएं मिले इसके लिए बैंकों से संपर्क कर नई शाखा खोलने का प्रयास किया जा रहा है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि यह खुशी की बात है कि जिले में 268 पंचायतों में शुरू की गई अटल डिजिटल सुविधा केंद्र के माध्यम से ग्रामीणों को उनके ग्राम में ही सुलभ वित्तीय सेवा उपलब्ध कराया जा रहा है। अब तक इन सुविधा केंद्रों के माध्यम से लगभग 15 करोड़ रुपए का लेनदेन किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि आगामी पंचायत दिवस को सभी पंचायतों में अटल डिजिटल सुविधा केंद्र शुरू करने की योजना है। मुख्यमंत्री से चर्चा के दौरान छिछली के सरपंच श्री अनिमा मिंज, आरा सरपंच श्री मनोज भगत और कुड़ेकेला सरपंच शशिकांता पैंकरा ने उनके क्षेत्र में ग्रामीण बैंक खोले जाने के लिए मुख्यमंत्री श्री साय के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि अब यहां पर सभी बैंकिंग सुविधाएं मिलेगी।

## छत्तीसगढ़ में फिर सक्रिय होगा मानसून, अगले 5 दिनों तक बारिश-बिजली के आसार



**रायपुर।** मौसम विभाग ने आगामी दिनों में बंगाल की खाड़ी पर नया सिस्टम बनने की संभावना जताई है, जिससे प्रदेश में अगले 5 दिनों तक बिजली चमकने और मध्यम बारिश की संभावना है। बीते 24 घंटों में कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई, जबकि कोरिया जिले के सोनहत में भारी वर्षा हुई।

पिछले 24 घंटे में प्रमुख वर्षा सोनहत 7 सेमी, लोरमी 5 सेमी, पेंड्रा 4 सेमी, बैकुंठपुर 3 सेमी, पिपरिया 3 सेमी, राजनांदगांव 3 सेमी समेत अन्य स्थानों पर 1 से 3 सेमी तक बारिश हुई।

### आज का अलर्ट

मौसम विभाग ने उत्तर छत्तीसगढ़ में भारी वर्षा और प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों में आंधी के साथ तेज बारिश की चेतावनी दी है। राजनांदगांव में अधिकतम तापमान 34 डिग्री दर्ज किया गया।

### सिनोप्टिक स्थिति

मानसून की द्रोणिका भटिंडा से होते हुए उत्तर-पूर्व बंगाल की खाड़ी तक फैली है। इसके अलावा पश्चिमी उत्तर प्रदेश, दक्षिण तटीय आंध्र प्रदेश और बिहार-झारखंड के ऊपर अलग-अलग ऊपरी हवा के चक्रवाती परिसंचरण सक्रिय हैं, जो प्रदेश में बारिश के लिए अनुकूल स्थिति बना रहे हैं।

### रायपुर में मौसम

राजधानी रायपुर में आज दिनभर बादल छाए रहेंगे और गरज-चमक के साथ बूंदाबांदी की संभावना है। तापमान 25 से 33 डिग्री के बीच रह सकता है।

# फसल बीमा के नाम पर किसानों से हो रही है ठगी : अभिषेक डेविड

### दिव्या रंगारी राष्ट्रीय बास्केटबॉल प्रशिक्षण शिविर के लिए चेन्नई रवाना

### महासमुंद की दिव्या भारतीय बास्केटबॉल टीम के राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर में शामिल



**महासमुंद ।** अंडर 16 एशियन वूमेंस चैंपियनशिप 2025 का आयोजन मलेशिया में 14 से 20 सितम्बर 2025 तक आयोजित किया जाना है। जिसके लिए बास्केटबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 10 अगस्त से 12 सितंबर 2025 तक नेशनल स्पोर्ट्स संेटर चेन्नई में आयोजित किया गया है। जिसमें भारतीय अंडर 16 महिला राष्ट्रीय बास्केटबॉल टीम शामिल होगी। छत्तीसगढ़ प्रदेश बास्केटबॉल एसोसिएशन द्वारा छत्तीसगढ़ से एकमात्र बास्केटबॉल खिलाड़ी महासमुंद जिले की दिव्या रंगारी पिता विनोद रंगारी शामिल होने आज चेन्नई के लिए रवाना हुई। एशिया कप स्क्क क्वालिफायर चैंपियनशिप मालदीप में दिव्या ने स्वर्ण पदक जीता - साऊथ एशियन जोन की टीम का चयन हेतु अंडर 16 एशिया कप स्क्क क्वालिफायर बास्केटबॉल चैंपियनशिप का आयोजन 12 से 15 जून 2025 तक मालदीप में आयोजित किया गया था जिसमें भारतीय टीम ने बेहतर प्रदर्शन करने के साथ चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता एवं एशियन चैंपियनशिप मलेशिया के लिए क्वालीफाई किया था। भारतीय टीम में महासमुंद छत्तीसगढ़ से दिव्या रंगारी ने अपना बेहतरीन प्रदर्शन किया। दिव्या रंगारी मिनी स्टेडियम महासमुंद में नियमित अभ्यास करते हुए राष्ट्रीय चैंपियनशिप में शामिल होने के साथ ही इंडिया टीम में जगह बनाने में सफल रहीं हैं। भारतीय टीम का राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर होने के पश्चात् भारतीय टीम स्न्द्धक्क अंडर 16 एशियन वूमेंस चैंपियनशिप 2025 मलेशिया में दिनांक 14 से 20 सितम्बर तक आयोजित किया जाएगा जिसमें भारतीय टीम साऊथ एशियन जोन की टीम से शामिल होगी। इससे पहले दिव्या ने 48 वीं सब जूनियर नेशनल बास्केटबॉल चैंपियनशिप अगस्त 2023 पांडिचेरी में छत्तीसगढ़ की बालिका टीम से खेलते हुए स्वर्ण पदक

# विद्युत लाईन बिछाने का कार्य का भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव ने किया भूमिपूजन

### 7 करोड़ 16 लाख रुपए लागत से विश्व प्रसिद्ध बस्तर दशहरा में रथ परिक्रमा मार्ग में भूमिगत

### श्यामा प्रसाद मुखर्जी सभागार में आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक श्री किरण देव एवं महापौर श्री संजय पांडे हुए शामिल

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक श्री किरण देव की मांग पर मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने दी थी भूमिगत विद्युत लाईन बिछाने की स्वीकृति

**जगदलपुर।** शहर के श्यामा प्रसाद मुखर्जी सभागार टाऊन हॉल में बस्तर के विश्व प्रसिद्ध दशहरा पर रथ परिक्रमा मार्ग पर भूमिगत विद्युत लाईन बिछाने के कार्य की भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक श्री किरण देव ने किया विधिवत भूमिपूजन । टाऊन हॉल में आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रम में संबोधित करते हुये भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक श्री किरण देव ने कहा कि बस्तर के विश्व प्रसिद्ध दशहरा में रथ परिक्रमा मार्ग पर भूमिगत विद्युत लाईन बिछाने के संबंध में विशेष आग्रह पर मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जी ने विश्व प्रसिद्ध दशहरा में रथ परिक्रमा में भूमिगत विधुत तार बिछाने की स्वीकृति प्रदान की थी । जिसका आज 07 करोड़ 16 लाख रुपए की लागत से सिरहासार चौक से लालबाग आमागुड़ा चौक तक भूमिगत विद्युत केबल बिछाने का भूमिपूजन कर शुभारंभ किया गया । श्री किरण देव ने कहा विश्व प्रसिद्ध दशहरा पर्व पर रथ परिक्रमा मार्ग पर भूमिगत विद्युत तार बिछाने का आग्रह पत्र प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय को देकर भूमिगत विद्युत तार बिछाने की मांग पर स्वीकृति दी थी। मांग को स्वीकार करते हुए मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने दशहरा पर्व के दौरान रथ परिक्रमा मार्ग पर भूमिगत विद्युत लाइन बिछाने की स्वीकृति प्रदान की थी । भूमिगत विद्युत लाईन बिछाने का कार्य प्रारंभ होने पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक श्री किरण देव ने मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जी का सहृदय धन्यवाद ज्ञापित किया है । भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक श्री किरण देव ने बस्तर वासियों की बरसों पुरानी मांग विश्व प्रसिद्ध दशहरा में भूमिगत विद्युत लाईन बिछाने की मांग पूरी हो रही है। बस्तर के विश्व प्रसिद्ध दशहरा पर रथ परिचालन के दौरान परिक्रमा मार्ग दंतेश्वरी मंदिर से सिरहासार चौक, गोल बाजार चौक, टेकरी वाले हनुमान मंदिर मार्ग, बाहर रैनी ,भीतर रैनी रथ परिचालन स्टेट बैंक चौक से सिटी कोतवाली लालबाग से कुम्हड़ाकोट क्षेत्र तक बस्तर दशहरा का रथ का परिक्रमा होता है रथ परिक्रमा के दौरान इन मार्गो पर विद्युत सेवा बाधित होती है जिसके लिए भूमिगत विद्युत तार बिछाने की अत्यधिक आवश्यकता थी ।

## संपादकीय

# मोदी की कूटनीति में नया मोड़

अमेरिका के टैरिफ़ युद्ध के खिलाफ भारत, चीन और रूस की मोर्चेबंदी बनती दिख रही है। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को फ ोन किया। दोनों नेताओं के बीच लंबी बातचीत हुई। प्रधानमंत्री मोदी ने खुद इसकी जानकारी दी। मोदी ने बताया कि पुतिन ने उन्हें यूक्रेन युद्ध का अपडेट दिया। दोनों नेताओं ने सामरिक संबंध और मज़बूत बनाने पर चर्चा की। मोदी ने कहा कि वो पुतिन के भारत दौरे का बेसब्री से इंतज़ार कर रहे हैं। उधर, चीन के सरकारी अख़बार ने अपने सम्पादकीय में भारत और प्रधानमंत्री मोदी की जमकर तारीफ़ की। ग्लोबल टाइम्स ने लिखा कि मोदी, चीन के दौरे पर आ रहे हैं, ये बहुत बड़ी और अच्छी बात है। इससे चीन और भारत को फ़ायदा होगा। पूरे इलाक़े की शांति और स्थिरता को बढ़ावा मिलेगा। एक बार फिर से चीन और भारत को भाई-भाई बताते हुए ग्लोबल टाइम्स ने लिखा कि मुश्किल वक़्त में भाई की मदद करने से अपना भी भला होता है।



## अब हमसे नया ठिकाना नहीं होता।

शोहरत का आसमां में कोई ठिकाना नहीं होता
जमीं पर हों पाँव बुलंदी का कोई जमाना नहीं होता।

हर रोज गुजरते हैं अनजानों की तरह
उनसे तो मोहब्बत निभाना नहीं होता।

जुदाई का दर्द छोड़ा नहीं जाता कभी
एक दूसरे से मिलना मिलाना नहीं होता।

हमेशा तल्ख लहजा उनका का रहा
अब उन्हें हंसना हंसाना नहीं आता।

हकीकत गा रहे हैं आजकल हम
ऐसे गीत जिनमे तराना नहीं होता।

खून पसीना न बहायें तो क्या करें
मेहनत का नया बहाना नहीं होता।

जाएं कहां तेरा दर छोड़कर संजीव
अब हमसे नया ठिकाना नहीं होता।

– संजीव ठाकुर

QR CODE SCAN कर प्रेमेन्द्र अग्रवाल द्वारा लिखित पुस्तकें पढ़िये ऑनलाईन

PM : 2024 - Vishwa Sarkar Ka Vikalp
Modimaya_ Vaidik_Netritva
Rashtriya Ekta
DLF-Vadra-Bhrasht Tantra
Silent Assassins Jan11,1966
Accursed & Jihadi Neighbour

# भारतीय सेनाध्यक्ष के बयान ने दुनिया को कई बड़े संदेश दिये हैं

**नीरज कुमार दुबे**



असीम मुनीर ने The Economist को दिए साक्षात्कार और अमेरिकी धरती पर दिए बयानों में साफकहा– ÷हम पूर्व से शुरू करेंगे।÷ यह बयान भारत-बांग्लादेश गलियारे की ओर इशारा करता है, जहाँ हालिया राजनीतिक बदलावों के बाद ढाका का रुख पाकिस्तान के प्रति कुछ नरम दिख रहा है। दक्षिण एशिया में सामरिक समीकरण तेजी से बदल रहे हैं। एक ओर पाकिस्तान के सेनाध्यक्ष फील्ड मार्शल असीम मुनीर के ताज़ा बयान ने भारत के पूर्वी मोर्चे पर संभावित खतरे का संकेत दिया है तो दूसरी ओर भारतीय सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने आने वाले युद्ध को केवल सैनिकों का नहीं, बल्कि पूरे देश का युद्ध बताया है। दोनों बयान यह स्पष्ट कर रहे हैं अगला टकराव पारंपरिक सीमाओं से परे होगा, यह सैन्य शक्ति, तकनीक, सूचना युद्ध और जन-भागीदारी का सम्मिलित परीक्षण होगा।

हम आपको बता दें कि असीम मुनीर ने The Economist को दिए साक्षात्कार और अमेरिकी धरती पर दिए बयानों में साफकहा– ÷हम पूर्व से शुरू करेंगे।÷ यह बयान भारत-बांग्लादेश गलियारे की ओर इशारा करता है, जहाँ हालिया राजनीतिक बदलावों के बाद ढाका का रुख पाकिस्तान के प्रति कुछ नरम दिख रहा है। यहां पुराने इस्लामी नेटवर्क और आतंकी चैनलों के फिर से सक्रिय होने की आशंका जताई जा रही है। इसके अलावा, मुनीर ने न केवल पूर्वी मोर्चे पर रणनीतिक वार की बात की, बल्कि जल युद्ध की धमकी देते हुए कहा, ÷भारत बांध बनाए और हम उसे दस मिसाइलों से उड़ा देंगे।÷ साथ ही, परमाणु हमले की अप्रत्यक्ष चेतावनी देते हुए कहा कि यदि पाकिस्तान पर अस्तित्व का संकट आया, तो ÷हम आधी दुनिया को अपने साथ ले डूबेंगे।÷

मुनीर के ये बयान उस समय आए हैं जब पाकिस्तान-अमेरिका रिश्तों में सुधार देखने को मिला है। अमेरिकी सेंटकॉम के शीर्ष अधिकारियों से मुलाकात और पाकिस्तान को फिर से अमेरिकी रणनीतिक मानचित्र में लाने का दावा, मुनीर के आत्मविश्वास को बढ़ा रहा है। महीने भर में दो बार अमेरिका की यात्रा करने के बाद मुनीर जिस तरह परमाणु धमकियां दे रहे हैं और भारत के साथ आधी दुनिया को लेकर डूबने की बात कह रहे हैं उससे अमेरिका पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।

देखा जाये तो पाकिस्तान के सेना प्रमुख असीम मुनीर का अमेरिका की धरती से भारत को सीधी परमाणु धमकी देना केवल द्विपक्षीय संबंधों के लिए नहीं, बल्कि वैश्विक शांति के लिए भी गंभीर संकेत है। यह बयान ऐसे समय आया है जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप खुद को भारत-पाकिस्तान के बीच ÷शांति दूत÷ के रूप में प्रस्तुत कर नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नैतिक आधार तैयार करने की कोशिश कर रहे हैं। मुनीर ने न केवल ÷यदि हमारे अस्तित्व पर खतरा हुआ तो हम आधी दुनिया को ले डूबेंगे÷ जैसी उत्तेजक भाषा का प्रयोग किया, बल्कि यह भी स्पष्ट कर दिया कि पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भी जिम्मेदार परमाणु शक्ति की तरह व्यवहार करने को तैयार नहीं है। ऐसे में ट्रंप के 'शांति दूत' होने का दावा हास्यास्पद प्रतीत होता है, क्योंकि उनके देश में खड़े होकर ही पाकिस्तान के शीर्ष सैन्य नेता ने परमाणु युद्ध की धमकी दी।

यह स्थिति अमेरिका की कूटनीतिक साख पर भी प्रश्नचिह्न लगाती है। सवाल उठता है कि क्या वाशिंगटन अपने मेहमानों के कट्टर और आक्रामक भाषणों को महज ÷राजनीतिक बयानबाज़ी÷ मानकर अनदेखा करता रहेगा? और क्या दुनिया ऐसे ÷शांति प्रयासों÷ को गंभीरता से लेगी, जिनके बीच ही परमाणु युद्ध की आशंका का सार्वजनिक प्रसारण हो रहा हो? मुनीर का यह बयान एक बार फिर याद दिलाता है कि पाकिस्तान की नीति में परमाणु हथियार सिर्फ रक्षा का साधन नहीं, बल्कि राजनीतिक और सामरिक दबाव का हथियार हैं– और यही वैश्विक स्थिरता के लिए सबसे बड़ा खतरा है।

इसके अलावा, असीम मुनीर का अमेरिका में खड़े होकर भारत को परमाणु धमकी देना केवल सैन्य या कूटनीतिक बयान नहीं, बल्कि इसके पीछे एक गहरी आर्थिक मंशा भी झलकती है। पाकिस्तान की यह पुरानी रणनीति रही है कि जब भी उसकी आर्थिक हालत चरमरा जाती है, वह भारत के साथ तनाव बढ़ाकर और परमाणु युद्ध की आशंका पैदा करके वैश्विक वित्तीय संस्थाओं और दाता देशों पर दबाव बनाता है। इस बार भी यही पैटर्न दिखाई देता है– अंतरराष्ट्रीय मंच पर परमाणु धमकी देकर पाकिस्तान ने अप्रत्यक्ष रूप से विश्व बैंक, आईएमएफऔर अन्य वित्तीय एजेंसियों को यह संदेश दिया कि अगर उसके भुगतान रोके गए तो दक्षिण एशिया में अस्थिरता बढ़ सकती है, जिसका असर पूरी दुनिया पर पड़ेगा। यह ÷न्यूक्लियर ब्लैकमेल÷ की रणनीति पाकिस्तान दशकों से अपनाता आ रहा है और कई बार उसे आपातकालीन वित्तीय पैकेज भी इसी दबाव के चलते मिल चुके हैं।

समस्या यह है कि वैश्विक संस्थाएँ पाकिस्तान की इस रणनीति को भलीभांति जानती हैं, फिर भी क्षेत्रीय अस्थिरता के डर से उसके आगे झुक जाती हैं। यह प्रवृत्ति न केवल अंतरराष्ट्रीय कानून और जिम्मेदार परमाणु आचरण के खिलाफहै, बल्कि इससे पाकिस्तान को यह गलत संदेश भी जाता है कि वह धमकी की राजनीति से आर्थिक लाभ उठाता रह सकता है। वास्तव में, यदि दुनिया सचमुच दक्षिण एशिया में स्थिरता चाहती है तो उसे इस तरह की परमाणु धमकियों को पुरस्कृत करने की बजाय इन पर कड़े आर्थिक और कूटनीतिक प्रतिबंध लगाने की नीति अपनानी होगी।

दूसरी ओर, भारतीय सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने IIT मद्रास में स्पष्ट शब्दों में कहा– ÷अगला युद्ध निकट हो सकता है और हमें इसकी तैयारी अभी करनी होगी।÷ उन्होंने Whole-of-Nation दृष्टिकोण पर ज़ोर देते हुए कहा कि इस बार लड़ाई सिर्फ सीमाओं पर तैनात सैनिक नहीं लड़ेंगे; नागरिक तैयारी, तकनीकी श्रेष्ठता और सूचना प्रबंधन उतने ही निर्णायक होंगे। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर का उदाहरण दिया, जिसमें पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में पाकिस्तान और पीओके में सटीक हमले किए गए। इस अभियान में तकनीक, सामरिक संदेश और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नैरेटिव सेट करने का संयोजन किया गया। पाकिस्तान के भीतर जहाँ इसे जीत के रूप में पेश किया गया, वहीं भारत ने ÷Justice Done÷ संदेश के साथ वैश्विक स्तर पर समर्थन हासिल किया। इस संदेश को महिला अधिकारियों की प्रेस ब्रीफिंग और विशेष ऑपरेशन लोगो जैसे प्रतीकों से और मज़बूत किया गया।


देखा जाये तो यह साफहै कि पाकिस्तान की धमकियों में केवल सैन्य टकराव का इशारा नहीं, बल्कि मनोवैज्ञानिक और सूचना युद्ध का भी संकेत है। मुनीर का 'पूर्व से शुरू' करने का दावा भारत की बहु-मोर्चीय सुरक्षा चुनौतियों को रेखांकित करता है, जहाँ चीन-पाकिस्तान की सामरिक साझेदारी, बांग्लादेश की राजनीतिक दिशा और आतंकी नेटवर्क एक साथ सक्रिय हो सकते हैं। वहीं, भारत की 'पूरे राष्ट्र' वाली रक्षा अवधारणा, केवल पारंपरिक हथियारों पर निर्भर रहने की बजाय, तकनीक, नागरिक सुरक्षा ढांचे और सामूहिक संकल्प को भी युद्ध के निर्णायक तत्व मान रही है।

बहरहाल, मुनीर के बयानों और जनरल द्विवेदी की चेतावनी में एक साझा संदेश छिपा है– अगला संघर्ष बहु-आयामी होगा। यह पूर्वी और पश्चिमी मोर्चों से लेकर सूचना और साइबर स्पेस तक फैला होगा। भारत के लिए यह समय केवल सैन्य तैयारी का नहीं, बल्कि राष्ट्रीय एकजुटता, तकनीकी नवाचार और अंतरराष्ट्रीय कूटनीति को एक साथ साधने का है। क्योंकि इस बार, खतरा न सीमा जानता है, न पारंपरिक युद्ध के नियम।

**यह निजी विचार है।**

# आदिवासी ही नहीं, गैर–आदिवासियों के दिलों पर भी दिशोम गुरु राज किया

**अरविंद कुमार सिंह**



देश के शीर्ष आदिवासी नेता और झारखंड मुक्ति मोर्चा के संस्थापक शिबू सोरेन के समकालीन नेताओं में कई ऐसे हैं, जिन्होंने बहुत लंबी सत्ता का इतिहास बनाया और बहुत सी उपलब्धियां हासिल की हैं, लेकिन शिबू सोरेन के निधन के बाद दिल्ली और झारखंड में जो नजारा दिखा है, उसने साबित किया कि आदिवासी ही नहीं, गैर- आदिवासियों के दिलों पर भी उन्होंने राज किया।

बचपन से लेकर आखिरी सांस तक उनके राजनीतिक जीवन का बड़ा हिस्सा संघर्ष में ही बीता पर उन्होंने जल-जंगल-जमीन की जंग में जितनी लंबी लकीर खींची है, वहां तक पहुंच पाना बहुत कठिन है।

दिशोम गुरु के नाम से विख्यात शिबू सोरेन फिलहाल रामगढ़ के अपने पैतृक नेमरा की मिट्टी में विलीन हो गए पर उन्होंने आदिवासी संघर्ष में ऊंचा मुकाम हासिल कर लिया है, उनकी अंतिम यात्रा में यह साफ दिखा। झारखंड की धरती महान नायक बिरसा मुंडा, बाबा तिलका मांझी, वीर बुधू भगत और सिदो-कानू जैसे नायकों की श्रेणी में आजादी के बाद के उनके कामों को भी शामिल करेगी। बहुत कंटीले रास्ते पर धारा के खिलाफ शिबू सोरेन का जो सफर आरंभ हुआ था, उसका समापन संतोष भरा था क्योंकि उन्होंने जिन विचारों पर अपनी राजनीति आरंभ की थी वह उनके जीवनकाल में बहुत विस्तारित हुई और उनकी अगली पीढ़ी ने उनकी विरासत को बखूबी संभाल लिया है।

झारखंड को अलग राज्य बनाने में शिबू सोरेन के योगदान को तो सभी मानते ही हैं पर आदिवासी समुदाय में प्राकृतिक संपदा को बचाने और कुरीतियों के खिलाफ उन्होंने जो संघर्ष किया, वह बेमिसाल है। मैदानी इलाकों की तुलना में साधनविहीन इलाकों में राजनीति करना कठिन काम है पर वहीं काम करते हुए वे जंगल के महान नायक और गुरु जी के नाम से विख्यात हुए। महाजनी प्रथा और नशे के खिलाफ आदिवासियों तथा कमजोर तबकों के बीच उन्होंने जो संघर्ष किया वह भावी पीढ़ियों के लिए मिसाल रहेगा। झामुमो नेता हेमंत सोरेन चौथी बार झारखंड के मुख्यमंत्री उनके ही बनाई संघर्षो की जमीन पर बने हुए हैं।

शिबू सोरेन के बचपन में ही पिता की हत्या हो गई तो मैट्रिकुलेशन तक ही उनकी शिक्षा हो सकी। लेकिन बचपन से ही वे गरीबों पर अत्याचार, अन्याय, नशाबंदी और महाजनी सिस्टम के खिलाफ मैदान में उतरे और लंबा संघर्ष करते हुए प्रांतीय और राष्ट्रीय राजनीति में अलग जगह बनाई। तीन बार वे झारखंड के मुख्यमंत्री बने लेकिन बहुत सीमित कालखंड के लिए। तीन बार केंद्र में मंत्री भी रहे। संसद के दोनों सदनों में रहे।

मुखिया पद पर हार से उनकी राजनीति शुरू हुई और मुख्यमंत्री रहते हुए भी वे चुनाव हार गए तो राजनीतिक विरोधियों ने बहुत तंज कसा था। लेकिन उनकी राजनीति खत्म नहीं हुई। आखिरी सांस ली तो वे उच्च सदन के सदस्य थे। राष्ट्रीय स्तर की हैसियत बनाने के बाद भी उनके भीतर का गांव कायम रहा। तीन दशक से मैंने उनको करीब से देखा और निजी तौर पर भी उनसे पहचान रही। वे अपने मूल विचारों पर हमेशा कायम रहे। राजनीतिक समझौते भी किए तो उसकी परिधि में आदिवासियों की भलाई शामिल थी।

बेशक, ऐसे नायकों के बारे में मीडिया एक अलग पूर्वाग्रह रखता है। इसीलिए शिबू सोरेन के जीते जी उनका उचित मूल्यांकन नहीं हुआ पर समाज को जगाने वाले नायक के रूप में उनकी अमिट पहचान इतिहास में दर्ज होगी। कम लोगों को पता है कि उन्होंने आदिवासी समाज की शिक्षा-दीक्षा से लेकर कुरीतियों के खिलाफ व्यापक अभियान चलाया। रात्रि पाठशाला चलाने के साथ उन्होंने शराब से लेकर कई कुरीतियों के खिलाफ अलख जगाने का काम किया। इस चेतना का जागरण भी किया कि बगैर अलग राज्य बने आदिवासियों का भविष्य सुरक्षित नहीं हो सकेगा। इसीलिए इसके साथ भले ही छत्तीसगढ़ या उत्तराखंड राज्य बन गया हो लेकिन किसी राज्य के लिए लंबे संघर्ष का इतिहास केवल झारखंड का रहा है।

1973 में झारखंड मुक्ति मोर्चा की स्थापना के बाद आदिवासियों का संघर्ष राष्ट्रीय क्षितिज तक दिखा और अन्य प्रांतों के लिए प्रेरक भी बना। झारखंड खनिज संपदा में देश का सबसे संपन्न राज्य है। भारत के स्वाधीनता आंदोलन में भी यह अग्रणी रहा था और एक दौर तक यहां कांग्रेस का वर्चस्व रहा। खुद शिबू सोरेन के पिताजी भी कांग्रेस से जुड़े थे। 1940 में रामगढ़ में कांग्रेस अधिवेशन मौलाना आजाद की अध्यक्षता में हुआ था जिसमें झारखंड की धरती पर महात्मा गांधी, पं. जवाहर लाल नेहरू, सरदार पटेल, नेताजी सुभाष चंद्र बोस, डॉ. राजेंद्र प्रसाद और ताना भगत समेत तमाम नायक शामिल हुए थे और यहीं से 'भारत छोड़ो' आंदोलन के विचार की भी नींव पड़ी थी।

इसके चार साल बाद शिबू सोरेन का जन्म हुआ जब देश आजाद होने के कगार पर खड़ा था। झामुमो का संघर्ष और जागरूकता भी एक वजह है जिस कारण झारखंड अपने जल-जंगल-जमीन के साथ अपनी संस्कृति और परंपराओं को सहेज कर रखने में सफल रहा।15 नवम्बर, 2000 को नया राज्य बनने के बाद यह शिबू सोरेन के कारण हर सरकार के एजेंडे का हिस्सा रहा। बेशक, भारत के कुल क्षेत्रफल का 2.4 फीसद हिस्सा झारखंड के पास है, और देश की आबादी का 2.7 फीसद पर, आकार में झारखंड पेरू जितना बड़ा है। पेरू दुनिया का 40वां सबसे बड़ा देश है। प्राकृतिक और भूगर्भ संसाधनों से भरपूर झारखंड में ही देश का सबसे बड़ा कोयला और लौह अयस्क भंडार है पर खनन से विस्थापन नियति बना हुआ है। नक्सलवाद कम होने के बाद भी चुनौती बरकरार है। राज्य की करीब 66.85 फीसद आबादी खेती पर आश्रित है लेकिन खेती चुनौतियों से भरी है।

राष्ट्रीय दलों की अपनी अलग सोच और बाध्यताएं होती हैं, जबकि क्षेत्रीय दलों का एक सीमित दायरे में लक्षित समूह होता है। इसलिए झारखंड में शिबू सोरेन की रचना झामुमो नये विचारों के साथ जल-जंगल-जमीन को एजेंडे में रख कर आगे भी चलेगा। उसका नया नेतृत्व संचार और सूचना क्रांति से भी लैस है पर शिबू सोरेन को आदिवासी नेतृत्व ऐसे नायक के रूप में हमेशा याद रखेगा जिनके पार संघर्ष की बड़ी थाती थी। इसलिए सोहनलाल द्विवेदी की ये पंक्तियां उनके ऊपर फिट बैठती हैं-

अचल रहा जो अपने पथ पर लाख मुसीबत आने में मिली सफलता जग में उसको, जीने में मर जाने में

**(लेख में विचार निजी हैं)**

# सांस्कृतिक अवमूल्यन, युवाओं में बढ़ती यौन अपराध की मानसिकता।

एतिहासिक काल से ही भारतीय संस्कृति और सभ्यता में ऐसा लचीलापन है कि अनेक विदेशी सभ्यताओं को हमने अपनी सभ्यता में आत्मसात कर उन्हें भी अपने रंग में रंग लिया है। उन सब के रंगों में हम भी रंग गए हैंद्य भारतीय समाज की विशेषता है कि यह क्रमिक रूप से बाहरी मूल्यों को अपनाते हुए आगे बढ़ रहा है जिसके फलस्वरूप आज समाज विभिन्न संस्कृतियों, सभ्यताओं तथा मूल्यों का अद्भुत समूह बन गया है।

(यूं कहें कि अलग-अलग सभ्यताओं के पुष्पों का एक रंग बिरंगा गुलदस्ता ही बन गया हैद्य वही सभ्यताओं के आत्मसात करने के परिणाम स्वरूप पाश्चात्य सभ्यता से हिंदुस्तानी समाज में बड़ी विसंगतियां जन्म लेने लगी है। सभ्यताएं तो आई लेकिन अपनी बुराइयों को भी लेकर आई हैं। इससे भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों का अवमूल्यन सी हुआ है।इसके अलावा पाश्चात्य सभ्यता ने खुलेपन आमंत्रित कर युवाओं तथा पुरुषों के मन में वासनात्मक कुंठा को जन्म दिया है। जिसके कारण महिलाओं पर यौन हिंसा की घटनाएं बढ़ती जा रही है।) आज भारतीय समाज निश्चित तौर पर परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है और यही वजह है कि पाश्चात्य सांस्कृतिक प्रवृतियों मानसिक भावनाओं को संक्रमित कर कुंठा को जन्म दिया है। यही कारण है कि मानसिक संक्रमण से भारतीय समाज पाश्चात्य सभ्यता का अंधा अनुसरण कर रहा है जिसके कारण मानवीय मूल्यों में नैतिक स्खलन स्पष्ट दिखाई देने लगा और इस नैतिक गिरावट से हिंसा में काफी वृद्धि हुई है। पाश्चात्य सभ्यता के दुष्प्रभाव में सबसे गहरा दुष्प्रभाव यौन हिंसा के प्रचार प्रसार का है। पुरुष समाज की मानसिकता है की पुरुष होने के कारण उन्हें कुछ चीजों का हक नैसर्गिक रूप से प्राप्त है जैसे कि अच्छी पत्नी और संतान में बेटों की प्राप्ति, कोई भी पुरुष अपनी आने वाली पीढ़ी में पुत्री नहीं चाहता है जबकि पुत्र पुत्री एक समान ही होते हैं बल्कि जो मायूस होकर पुत्री जन्म का दुख मनाते हैं उन्हें वर्तमान में पीएससी और यूपीएससी की रिजल्ट लिस्ट देखनी चाहिए इसमें बालिकाओं ने बहुत अच्छे अंको से परीक्षा पास कर समाज में उनकी अहम भूमिका को सार्थक किया है। वर्तमान समाज में परंपरागत रूप से पुरुषों को ऐसा करते देख उसकी आने वाली पीढ़ी भी अपने महिला संगिनी से दुर्व्यवहार और हिंसा करने से नहीं चूकता है। पुरुष की कुंठा इस कदर बढ़ चुकी है कि वह किसी सुंदर स्त्री को देखकर यह चाहने लगता है कि वह स्त्री उसकी अंक शायनी हो जाए और यदि स्त्री उसके विमुख होती है तो वह उस पर बलात नियंत्रण करने की कोशिश में यौन अपराध की ओर उन्मुख हो जाता है। अपरिपक्व उम्र से ही किशोरावस्था के युवक सेक्सुअल हिंसा के प्रति उन्मुख होने लगे हैं हमें इसकी असली वजह तथा कारण को समझना होगा मोबाइल का इंटरनेट कंप्यूटर लैपटॉप ने इस विकृत संस्कृति को एक खुला आकाश दे दिया है समाज में बढ़ती योन अपराधिक हिंसा के मुख्य कारणों में से एक इंटरनेट मोबाइल और लैपटॉप का घर घर उपलब्ध होना ही है।

मानसिक रूप से अपरिपक्व को बच्चों के पास मोबाइल तथा लैपटॉप तथा इंटरनेट आ चुका है और उससे वह वह वासनात्मक कहानियां, चित्र और फिल्में देखकर युवतियों तथा छोटी-छोटी बच्चियों पर यौन अपराध करने से नहीं चूकते और यही वजह है कि भारतीय संस्कृति विकृत होकर युवकों द्वारा बड़ी संख्या में यौन अपराध किए जा रहे हैं। जिसके कारण महिलाओं की भावना तथा आत्म सम्मान में गिरावट आकर आत्महत्या तक के परिणाम सामने आने लगे हैं। आंकड़ों में यदि जाएं तो 2020 में लगभग 40,000 बलात्कार के मामले हिंदुस्तान में सामने आए हैं जिनमें 18 साल से कम आयु की लड़कियों की संख्या 16800 की और सबसे खतरनाक तथा विवाद,वीभत्स आंकड़ा जो है वह 6 साल से कम उम्र की लड़कियों के साथ बलात्कार की घटना के लगभग 600 मामले सामने आए हैं। यौन हिंसा के अलावा बच्चियों, युवतियों तथा महिलाओं द्वारा युवाओं द्वारा दिए गए प्रणय निवेदन तो ठुकरा दिए जाने के बाद तेजाब फेंकने की घटनाएं तीव्रता से बड़ी हैं 2010 से लेकर 2020 तक महिलाओं पर तेजाब फेंकने की 1208 घटनाएं विभिन्न जगहों में संबंधित थानों में पंजीकृत हुई है। माननीय सुप्रीम कोर्ट द्वारा प्रशासन को एसिड की खरीदी बिक्री पर रोक लगाने के आदेश भी दिए गए, पर आज भी पूरे देश में तेजाब की बिक्री खुलेआम हो रही है। तेजाब पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए।

# विश्व हाथी दिवस–2025 12 अगस्त को तमिलनाडु के कोयंबटूर में मनाया जाएगा

**मंत्री श्री भूपेंद्र यादव विश्व हाथी दिवस-2025 समारोह की अध्यक्षता करेंगे**

**भारत में दुनिया के 60 प्रतिशत जंगली हाथियों की आबादी है**

**33 हाथी अभयारण्य और 150 गलियारे भारत के मजबूत संरक्षण ढांचे को दर्शाते हैं**

**कोयंबटूर में होने वाले कार्यक्रम में मनुष्य और हाथी के बीच संघर्ष को कम करने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा**

**तमिलनाडु में विश्व हाथी दिवस समारोह में 5000 स्कूलों के 12 लाख छात्र शामिल होंगे**





पीआईबी

पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, तमिलनाडु वन विभाग के साथ मिलकर 12 अगस्त को कोयंबटूर में विश्व हाथी दिवस समारोह का आयोजन करेगा। यह वार्षिक आयोजन, हाथियों के संरक्षण और उनके दीर्घकालिक अस्तित्व को सुनिश्चित करने के उपायों को मज़बूत करने की वैश्विक प्रतिबद्धता को दर्शाता है। भारत में हाथी गलियारों पर 2023 की रिपोर्ट के अनुसार दुनिया के लगभग 60 प्रतिशत जंगली हाथियों की आबादी भारत में ही रहती है जहां 33 हाथी अभयारण्य और 150 चिन्हित हाथी गलियारे हैं। मज़बूत कानूनी संरक्षण, सुदृढ़ संस्थागत ढांचे और व्यापक जन-समर्थन के साथ, देश को मानव कल्याण और वन्यजीव संरक्षण के बीच सामंजस्य स्थापित करने में दुनिया भर में अग्रणी माना जाता है। हाथियों को राष्ट्रीय विरासत पशु का दर्जा प्राप्त है और वे देश की परंपराओं और संस्कृति में गहराई से समाए हुए हैं।

अपनी जैविक और सांस्कृतिक समृद्धि के लिए प्रसिद्ध तमिलनाडु, हाथियों की एक महत्वपूर्ण आबादी को पोषित करता है और मानव-हाथी संघर्ष को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। कोयंबटूर में होने वाला यह कार्यक्रम वन अधिकारियों, नीति निर्माताओं, नागरिक समाज के प्रतिनिधियों और वन्यजीव विशेषज्ञों के लिए संरक्षण रणनीतियों और संघर्ष समाधान पर विचारों के आदान-प्रदान हेतु एक मंच के रूप में कार्य करेगा।

इस कार्यक्रम का उद्घाटन केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री श्री भूपेंद्र यादव करेंगे। इस अवसर पर केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री श्री कृति वर्धन सिंह और तमिलनाडु सरकार के वन एवं खादी मंत्री थिरु आर.एस. राजाकन्नप्पन भी उपस्थित रहेंगे। इसमें पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, तमिलनाडु वन विभाग, रेल मंत्रालय और अन्य राज्यों के वरिष्ठ अधिकारी भाग लेंगे।

कल विश्व हाथी दिवस समारोह के अंतर्गत, कोयंबटूर में मानव-हाथी संघर्ष पर एक केंद्रित कार्यशाला का भी आयोजन किया जाएगा। इस कार्यशाला का उद्देश्य हाथी-क्षेत्र वाले राज्यों को मानव-हाथी सह-अस्तित्व से संबंधित अपनी चुनौतियों को साझा करने और अपने-अपने क्षेत्रों में लागू किए जा रहे संघर्ष के समाधान उपायों पर चर्चा करने के लिए एक मंच प्रदान करना है। यह पहल प्रोजेक्ट एलीफेंट के तहत चल रहे प्रयासों के अनुरूप है, जो मानव और हाथियों के बीच संघर्ष को दूर करने के लिए सामुदायिक भागीदारी और वैज्ञानिक दृष्टिकोण पर बल देता है।

यह कार्यशाला ऐसे समय में आयोजित की जा रही है जब भोजन और पानी की तलाश में हाथियों के मानव बस्तियों में घुसने की घटनाएं बढ़ी हैं। इस मामले में राज्यों के बीच नवीन समाधानों और सहयोग की आवश्यकता है। विशेषज्ञ, नीति-निर्माता, संरक्षणवादी और वन अधिकारी, आवास प्रबंधन और गलियारों के रखरखाव, उच्च-संघर्ष वाले क्षेत्रों में जागरूकता सृजन और क्षमता निर्माण के मामले में सर्वोत्तम उपायों पर विचार-विमर्श करेंगे। इस सहयोगात्मक दृष्टिकोण का लक्ष्य, वन्यजीव संरक्षण और मानव कल्याण के बीच संतुलन स्थापित करने और समुदायों व हाथियों के बीच दीर्घकालिक सह-अस्तित्व को बढ़ावा देना है।




नई दिल्ली में मदर टेरेसा रोड पर तेज रफ्तार सफेद थार से एक व्यक्ति की मौत और एक अन्य के घायल होने के बाद घटनास्थल पर मौजूद पुलिस कर्मी और फोरेंसिक विशेषज्ञ।



गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर लिमचागाड के गंगनानी के पास घाटी पुल का निर्माण कार्य चल रहा है।

## कोयला इस्तेमाल में विविधता और आयात निर्भरता में कमी लाना

**पीआईबी।** कोयला मंत्रालय ने देश में कोकिंग कोल का घरेलू उत्पादन बढ़ाने और इस्पात क्षेत्र के लिए इसकी आयात निर्भरता कम करने के लिए अगस्त 2021 में ÷मिशन कोकिंग कोल÷ आरंभ किया था। इसके अंतर्गत उपलब्धियां/प्रगति निम्नलिखित हैंः देश का कोकिंग कोल उत्पादन वित्त वर्ष 2021 में 44.79 मिलियन टन से बढ़कर वित्त वर्ष 2025 में 66.47 मिलियन टन हो गया है।

कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) ने राजस्व साझेदारी के नए मॉडल पर 11 बंद कोकिंग कोयला खदानों को निजी क्षेत्र को देने की पेशकश की है।

भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (बीसीसीएल) की 5 मिलियन टन प्रतिवर्ष क्षमता की नई मधुबंद कोकिंग कोल वाशरी (एक ऐसी सुविधा है जहां कच्चे कोयले को धोकर साफ किया जाता है, ताकि उसकी राख और अन्य अशुद्धियां हटाई जा सकें), वित्त वर्ष 24 में आरंभ की गई।

सीआईएल ने एक कोकिंग कोल वाशरी का मुद्रीकरण किया है। घरेलू कोकिंग कोल उत्पादन बढ़ाकर आयात पर निर्भरता कम करने की अन्य निम्नलिखित पहल शामिल हैं वर्ष 2020 में आरंभ की गई गैर-विनियमित क्षेत्र (एनआरएस) लिंकेज नीलामी नीति में बदलाव लाकर, गैर-विनियमित क्षेत्र लिंकेज नीलामी में कोकिंग कोल लिंकेज की अवधि को 30 वर्ष तक के लिए संशोधित किया गया है। अवधि बढ़ाने से कोयला आयात के प्रतिस्थापन पर सकारात्मक प्रभाव की उम्मीद है।

## किसानों को सुरक्षा कवच, फसल बीमा दावा भुगतान का राजस्थान में वृहद कार्यक्रम

पीआईबी

केंद्र सरकार किसान हितैषी नीतियों एवं तकनीक आधारित पारदर्शी व्यवस्था को और अधिक मजबूती प्रदान कर रही है। इसी तारतम्य में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के दूरदर्शी नेतृत्व में शुरू की गई प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत 11 अगस्त 2025 को राजस्थान के झुंझुनू में ऐतिहासिक बीमा दावा भुगतान का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान करेंगे तथा मुख्य अतिथि राजस्थान के मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा रहेंगे। समारोह के विशेष अतिथि के रूप में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री श्री भागीरथ चौधरी, राजस्थान के कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा, स्थानीय जनप्रतिनिधि, किसान नेता तथा मंत्रालय और राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहेंगे। यह कार्यक्रम सोमवार, 11 अगस्त को दोपहर 12 बजे झुंझुनू हवाई पट्टी पर आयोजित होगा, जिसमें झुंझुनू के साथ ही सीकर, जयपुर, कोटपूतली-बहरोड़ सहित विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में किसान शामिल होंगे, जबकि देशभर के विभिन्न राज्यों के लाखों किसान वर्चुअल माध्यम से भी समारोह से जुड़ेंगे।



केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा की गई महत्वपूर्ण पहल के अंतर्गत, ग्रामीण भारत के करोड़ों किसानों की आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (DBT) के माध्यम से 11 अगस्त को देश में पहली बार 30 लाख से अधिक किसानों को 3,200 करोड़ रुपए से अधिक की फसल बीमा दावा राशि डिजिटल रूप से सीधे उनके बैंक खातों में भेजी जाएगी। इसमें राजस्थान के 7 लाख से अधिक किसानों को 1,100 करोड़ रुपए से अधिक की राशि मिलेगी।

श्री शिवराज सिंह के अनुसार, राज्यवार बीमा दावा क्लेम के तहत मध्य प्रदेश के किसानों को 1,156 करोड़ रुपए, राजस्थान के किसानों को 1,121 करोड़ रुपए, छत्तीसगढ़ के किसानों को 150 करोड़ रुपए और शेष राज्यों के किसानों को 773 करोड़ रुपए की राशि का सीधा लाभ मिलेगा।

केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह ने कहा कि इस योजना के अंतर्गत तकनीक और पारदर्शिता एक महत्वपूर्ण पहलू है। किसानों को फसल बीमा दावा राशि का समय पर भुगतान मिलेगा, जिससे उनकी वित्तीय स्थिति, निवेश का आत्मविश्वास और खेती में अनिश्चितताओं का सामना करने की शक्ति बढ़ेगी। केंद्रीय कृषि मंत्री ने बताया कि भारत सरकार ने किसानों के हित में बीमा दावा भुगतान की नई सरल व्यवस्था लागू की है, जिसमें राज्यों की प्रीमियम अंशदान राशि की प्रतीक्षा किए बिना केवल केंद्र की सब्सिडी पर अनुपातिक रूप से किसानों को दावों का तुरंत भुगतान संभव होगा। खरीफ 2025 से अगर कोई राज्य सरकार अपनी सब्सिडी देने में देरी करती है, तो उस पर 12% की पेनल्टी लगेगी, और इसी तरह बीमा कंपनियों द्वारा भुगतान में देर होने पर भी 12% पेनल्टी किसानों को मिलेगी।

श्री शिवराज सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा वर्ष 2016 से प्रारंभ इस योजना के तहत अब तक 78 करोड़ से अधिक किसान आवेदनों को कवर करते हुए 1.83 लाख करोड़ रुपए की क्लेम राशि का वितरण किया गया है, जबकि किसानों ने मात्र 35,864 करोड़ रुपए प्रीमियम की राशि ही दी है। औसतन 5 गुना से अधिक क्लेम भुगतान, यह सरकार की किसान-हितैषी नीति का प्रतीक है।

### योग, ध्यान और सकारात्मक सोच से ही मानसिक स्वास्थ्य मजबूत होगा – श्री डेका

# डिजिटल तकनीक का उपयोग करें लेकिन उस पर निर्भरता से बचें – राज्यपाल श्री डेका

**डिजिटल मानसिक स्वास्थ्य पर हुई कार्यशाला**

रायपुर, लोकशक्ति

राज्यपाल श्री रमेन डेका ने युवाओं का आव्हान किया है कि डिजिटल तकनीक का उपयोग नवाचार और रचनात्मकता के लिए करें लेकिन उस पर निर्भरता से बचें। उन्होंने पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर में सोमवार को डिजिटल मानसिक स्वास्थ्य विषय पर आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में कहा कि कोविड-19 के बाद डिजिटल माध्यम ने शिक्षा, कार्य और रिश्तों को आसान बनाया पर इससे तनाव, चिंता और अवसाद जैसी समस्याएं भी बढ़ी हैं। योग ध्यान और संतुलित जीवन अपनाकार ही मानसिक स्वास्थ्य को मजबूत रखा जा सकता है।

कार्यशाला में विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपति, महाविद्यालयों के प्राचार्य, शिक्षक शोधार्थी, सामाजिक संगठनों से जुड़े बुद्धिजीवी और बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे। प्रतिभागियों ने डिजिटल युग में मानसिक स्वास्थ्य को बनाये रखने के उपायो पर विचार विमर्श किया। राज्यपाल श्री डेका ने कार्यशाला में कहा कि 21 सदी में हमारी जीवनशैली में बड़ा बदलाव आया लेकिन प्रकृति का स्वरूप आज भी वैसा ही है। सूर्य पूर्व में उगता है और पश्चिम में अस्त होता है। धरती अब भी हरियाली का चादर ओढ़ कर हमे जीवन देती है, परंतु बदलाव हमारी सभ्यता व दिनचर्या में हुआ है। सतत् विकास की कमी और बदलते परिवेश ने मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित किया है।








राज्यपाल ने कहा कि एकल परिवारों की बढ़ती प्रवृत्ति और परिवारजनों के बीच संवाद की कमी ने भी मानसिक स्वास्थ्य को कमजोर किया है। आज अधिकांश लोग मोबाईल और इंटरनेट में व्यस्त रहते है और आपसी संवाद व भावनात्मक जुड़ाव कम होता जा रहा है। श्री डेका ने विद्यार्थियों से कहा कि मानसिक दबाव न हो इसके लिए वे अपनी क्षमता के अनुरूप अपने कैरियर का चुनाव करें और अनावश्यक प्रतिस्पर्धा से बचें। ओवरथिंकिंग और संदेह से दूर रह कर जीवन का आनंद लें। मनोवैज्ञानिक परामर्श लेने में संकोच न करें और अंतरात्मा की आवाज सुनकर अपने लिए सही रास्ते का चुनाव करें। उन्होंने कहा कि प्रार्थना, योग, ध्यान, प्राणायाम और सात्विक जीवन शैली भारतीय परंपरा में मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के मूल आधार रहे हैं, यदि इन्हें दिनचर्या में शामिल किया जाए तो जीवन की कई चुनौतियों का समाधान स्वतः मिल सकता है।

कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में ख्याति प्राप्त मनोवैज्ञानिक और मानसिक शक्ति फाउंडेशन मुंबई के संस्थापक डॉ. अमरेश श्रीवास्तव ने अपने विचार रखें। उन्होंने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य का विषय नहीं है बल्कि समाज की चेतना और मानसिक शक्ति का भी प्रतीक है। उन्होंने विद्यार्थियों में बढ़ते मानसिक तनाव को गंभीर समस्या मानते हुए इस दिशा में अनुसंधान और गहन अध्ययन को आवश्यक बताया।

कार्यशाला में स्वागत भाषण विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर श्री सच्चिदानंद शुक्ला ने दिया। उन्होंने कार्यशाला के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि राज्यपाल श्री रमेन डेका की पहल पर यह कार्यशाला आयोजित की गई है तथा डिजिटल युग में स्वास्थ्य पर गहन चर्चा समय की आवश्यकता है। आभार प्रदर्शन प्रोफेसर श्री अंबर व्यास ने किया। इस अवसर पर एमसीए के छात्र श्री शिवकुमार महोबिया और शोध छात्र श्री अरूण कुमार पटेल को उत्कृष्ट इनोवेशन के लिए राज्यपाल ने सम्मानित किया।

### कलेक्टर ने ली साप्ताहिक समय सीमा की बैठक

# स्वतंत्रता दिवस समारोह के गरिमामय आयोजन के संबंध में दिये आवश्यक दिशा निर्देश

**रजत जयंती वर्ष के अवसर पर होंगे विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन, तैयारी के संबंध में विभागो को सौंपे दायित्व**

**हर घर तिरंगा - हर घर स्वच्छता अभियान के तहत सभी विकासखंड मुख्यालय में लगाया जाएगा तिरंगा बिक्री स्टॉल**

**सड़को से मवेशियों को हटाने, पशुओं को खुला छोड़ने पर पशु मालिकों पर कार्रवाई करने के दिए निर्देश**



स्कूलों के मरम्मत कार्य करे शीघ्र प्रारंभ - कलेक्टर

**जांजगीर-चांपा** 11 अगस्त 2025/ कलेक्टर श्री जन्मेजय महोबे ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय सीमा की बैठक लेकर विभागीय कामकाज की समीक्षा की। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक श्री विजय कुमार पांडेय, जिला पंचायत सीईओ श्री गोकुल रावटे, अपर कलेक्टर श्री ज्ञानेंद्र सिंह ठाकुर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री उमेश कुमार कश्यप सहित सभी विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर ने बैठक में स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस मुख्य समारोह की तैयारियों के संबंध में अधिकारियों को दायित्व सौंपते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम गरिमामय रूप से आयोजित किया जाए और सभी व्यवस्थाएं समय पर पूर्ण हों। कलेक्टर ने कार्यक्रम स्थल की साफ-सफाई, बैरिकेडिंग, बैठक व्यवस्था, साज-सज्जा, पेयजल, पार्किंग, सुरक्षा सहित अन्य सभी तैयारियां समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने ध्वजारोहण, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, शहीद परिवारों को सम्मान, आमंत्रित किये जाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। साथ ही, जिले के सभी शासकीय एवं सार्वजनिक भवनों तथा राष्ट्रीय महत्व के स्मारकों में रोशनी करने को कहा।

छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में रजत जयंती वर्ष के आयोजन की तैयारी को लेकर विभागवार आयोजन की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में विभागीय योजनाओं एवं पिछले 25 वर्षों में विभागों द्वारा किए गए कार्यों को समाहित करते हुए साप्ताहिक कार्यक्रम आयोजित करने की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि प्रस्तावित रजत जयंती वर्ष 15 अगस्त 2025 से 31 मार्च 2026 का आयोजित की जाएगी जिसमें शासन की उपलब्धियों को विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से प्रदर्शित किया जाएगा। उन्होंने शासन के निर्देशानुसार सभी विभागों को विभिन्न कार्यक्रमों, शिविर, सेमिनार व वर्कशॉप आयोजित करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने बैठक में नगरीय क्षेत्रों एवं ग्रामीण क्षेत्रों, सड़कों से आवारा मवेशियों को तत्काल सड़को से हटाने की कार्रवाई करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने पशु चिकित्सा विभाग, सीईओ जनपद, सीएमओ, सहित संबंधित विभागों को समन्वय से कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने आवारा मवेशियों के सड़क पर बैठने वाले चिन्हित स्थलों की पहचान कर वहां से हटाने और गौशाला व कांजी हाऊस पहुंचाने की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने आवारा मवेशियों के सड़क पर बैठने वाले चिन्हित स्थलों से पशुओं को हटाने एवं 24म7 शिफ्टवाइस ड्यूटी लगाने के निर्देश जनपद सीईओ एवं सीएमओ को दिए। इसके साथ ही मवेशियों को खुले में छोड़ने वाले मालिकों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने मवेशियों को रेडियम बेल्ट लगाने, टैगिंग करने की कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी जनपद एवं नगरीय क्षेत्रों में पशु सुरक्षा समिति का गठन करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने हर घर तिरंगा - हर घर स्वच्छता अभियान के तहत सभी सभी जनपद सीईओ को सभी ब्लॉक मुख्यालय में तिरंगा बिक्री केंद्र स्टॉल लगाने कहा। कलेक्टर ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित कर कहा है कि स्कूलों के मरम्मत कार्य शीघ्र प्रारंभ करें एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य करे। कलेक्टर ने एग्रिस्टेक में शत प्रतिशत किसानों का पंजीयन करने कहा ताकि शासकीय योजनाएं और सेवाएं सीधे और लाभार्थियों तक पहुँच सके। उन्होंने सभी विभागों को शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन का अटल मॉनिटरिंग डैशबोर्ड में एंट्री करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही बैठक में कलेक्टर ने विभागवार समय सीमा के लंबित प्रकरणों, जनदर्शन में प्राप्त शिकायतों का विस्तार से समीक्षा करते हुए सभी संबंधित अधिकारियों को त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए।

# कलेक्टर-पुलिस अधीक्षक ने स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों का किया निरीक्षण

**स्वतंत्रता दिवस पर राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री श्री टंकराम वर्मा होंगे मुख्य अतिथि**

**शासकीय हाई स्कूल मैदान जांजगीर में होगा जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन**



**जांजगीर-चांपा** 11 अगस्त 2025/ कलेक्टर श्री जन्मेजय महोबे एवं पुलिस अधीक्षक श्री विजय कुमार पाण्डेय ने आज शासकीय हाई स्कूल मैदान जांजगीर में स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों का निरीक्षण किया। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में राजस्व एवं आपदा प्रबंधन और खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री टंकराम वर्मा ध्वजारोहण करेंगे और परेड की सलामी लेंगे। तत्पश्चात् मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय का जनता के नाम संदेश का वाचन करेंगे। इस दौरान कलेक्टर-एसपी ने कार्यक्रम स्थल, बैठक व्यवस्था, मंच निर्माण, बेरिकेड्स, सुरक्षा आदि व्यवस्था का निरीक्षण कर आयोजित होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम व अन्य तैयारियों का अवलोकन किया एवं उपस्थित सभी अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री ज्ञानेन्द्र सिंह ठाकुर सहित संबंधित अधिकारी-कर्मचारी व पुलिस विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

# बहनों ने बांधी राखी,मांगा सुरक्षा का वचन




**बलौदा :-** रक्षाबंधन जैसे पावन पर्व पर इस बार बलौदा थाने का माहौल कुछ अलग और भावुक कर देने वाला रहा । जय भारत इंग्लिश मीडियम भिलाई बलौदा स्कूल की छात्राओं ने बलौदा थाना पहुंचकर वहां तैनात पुलिस जवानों को राखी बांधकर सुरक्षा का वचन लिया छात्रों ने जवानों के ललाट पर तिलक लगाकर मिठाई खिलाई और कलाई पर छात्राओं द्वारा स्व निर्मित रक्षा सूत्र बांधा । जवानों की आंखें नम हो गई जब छात्रों ने कहा आप जैसे पुलिस जवानों के वजह से हम निडर होकर स्कूल जा पाते हैं। छात्राओं ने यह भी कहा कि हम पुलिस के समर्पण को सलाम करते हैं और उनकी यह सेवा ही सच्चा राष्ट्र धर्म है थाना प्रभारी राजीव श्रीवास्तव ने स्कूल छात्राओं की इस पहल की सराहना करते हुए कहा रक्षाबंधन केवल भाई बहन का पर्व नहीं यह देशभक्ति और कर्तव्यनिष्ठा का भी पर्व है जब बहनों ने हमें राखी बांधी वह केवल धागा नहीं था - वह विश्वास आशीर्वाद और संकल्प का प्रतीक था। जय भारत इंग्लिश मीडियम स्कूल की छात्राएं सिर्फ ज्ञान नहीं संस्कार भी अर्जित कर रही है द्य इस मौके पर थाना स्टाफके टीआई राजीव श्रीवास्तव,प्रतिभा राठौर ,मुकेश यादव, बृजपाल बर्मन, रोहित साहू, विनोद मनहर सहित समस्त पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।

# कलेक्टर श्री जन्मेजय महोबे ने जनदर्शन में सुनी आमजनों की मांग एवं समस्याएं

**जनदर्शन में आज 66 आवेदन हुए प्राप्त**




**जांजगीर-चांपा** 2025/ कलेक्टर श्री जन्मेजय महोबे ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित जनदर्शन कार्यक्रम के माध्यम से जिले के नागरिकों की समस्याओं, शिकायतों एवं मांगों को सुना एवं अधिकारियों को जनदर्शन में प्राप्त प्रत्येक आवेदन का संवेदनशीलता एवं प्राथमिकता के साथ निराकरण करने के निर्देश दिए। जनदर्शन में आज कुल 66 आवेदन प्राप्त हुए। आज जनदर्शन में तहसील अकलतरा के ग्राम बनाहील निवासी मंगल सिंह राठौर अपने जमीन का कब्जा हटाने संबंधी आवेदन लेकर पहुचे। जिस पर कलेक्टर ने अकलतरा एसडीएम को निर्देशित करते हुए तत्काल कब्जा हटवाने के निर्देश दिए। सारागांव निवासी श्रीमती लक्ष्मीनबाई केंवट राशन कार्ड बनवाने संबंधी आवेदन लेकर पहुची। लक्ष्मीनबाई ने बताया कि उनके पति की मृत्यु हो चुकी है, जीवन निर्वाह में समस्या आ रही है। जिस पर कलेक्टर ने खाद्य अधिकारी को राशन कार्ड बनाने के निर्देश दिए। इसी प्रकार आज जनदर्शन में राशन कार्ड, आर्थिक सहायता, आवास सहित अन्य विषयों से संबंधित कुल 66 आवेदन प्राप्त हुए।

# श्रीराधा अष्टमी महा महोत्सव.....

संवाददाता

**श्रीराधारानी के जन्मोत्सव की दिव्यता और आनंद का अनुभव, आध्यात्मिक आयोजन.......**



**जांजगीर-चांपा ।** नीलांबर परिधान , स्वर्ण जड़ित अलंकार और मुख पर मधुर मुस्कान यही तो हैं हमारे हृदय की रानी यानी कि राधा रानी का अद्भुत स्वरूप ! जिसकी एक झलक पाकर मन, वाणी और तन सब कुछ भक्ति में लीन हो जाती हैं । राधा रानी की प्रेम-भक्ति के आगे सम्पूर्ण सृष्टि नतमस्तक हो जाती हैं तथा जिनके चरणों की धूल भी मोक्ष का मार्ग बना देती हैं । इतना ही नहीं राधा नाम का जाप करने मात्र से हृदय में प्रेम और शांति का संचार हो जाता हैं । इसीलिए तो कहा गया हैं कि राधा बिना श्याम अधूरे हैं और श्याम बिना राधा । इसी पावन उद्देश्य को लेकर वृंदावन भक्ति कुटीर नैला-जांजगीर के द्वारा श्रीराधा अष्टमी महा-महोत्सव दिनांक 31अगस्त , 2025 को एक आध्यात्मिक वातावरण से परिपूर्ण दिव्य आयोजन हैं । हांटल ड्रीम पाइंट जांजगीर के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में श्रद्धालु जनों, मित्रों और परिवार के साथ सप्रेम आमंत्रित किया गया हैं । यह आयोजन वृन्दावन भक्ति कुटीर, नैला-जांजगीर परिवार द्वारा किया जा रहा हैं, जो रायगढ़ राइस मिल के सामने , नैला-जांजगीर में स्थित हैं द्य आयोजक मंडल के सदस्यों ने बताया कि राधा अष्टमी जन्मोत्सव कार्यक्रम 31 अगस्त को सायंकाल 5:00 बजें से रात्रि 8,:00 बजें तक चलेगा । कार्यक्रम में वृंदावन धाम बरसाने के प्रसिद्ध नाट्य कलाकारों द्वारा भगवान श्रीराधा-कृष्ण के सुमधुर भजनों पर शानदार प्रस्तुतियां दी जायेगी द्य वृंदावन कुटीर नैला-जांजगीर समिति के सदस्यों ने बताया कि हर वर्ष हर्षोल्लास पूर्वक राधा अष्टमी जन्मोत्सव मनाया जाता हैं ।श्री विनोद बंसल ने कहा है कि इस पावन अवसर पर शामिल होकर पुण्य लाभ प्राप्त करें और भक्ति रस में सराबोर हो । उक्त जानकारी वृंदावन भक्ति कुटीर के विनोद बंसल ने दी है द्य

# रायपुर : पॉम की खेती से किसानों को मिलेगा आय का स्थायी जरिया

## उद्यान विभाग की तकनीकी मदद से प्रदेश में पॉम की खेती को मिली रही नई दिशा

**प्रति हेक्टेयर प्रति वर्ष ढाई से 3 लाख रूपए की आमदनी**

**एक बार लगाएं तीसरे वर्ष से 30 वर्षों तक लगातार उत्पादन पाएं**

**केंद्र और राज्य सरकार से एक-एक लाख रूपए का अनुदान**

**उद्यान विभाग की तकनीकी मदद से प्रदेश में पॉम की खेती को मिली रही नई दिशा**

उद्यान विभाग की तकनीकी मदद से प्रदेश में पॉम की खेती को मिली रही नई दिशा



**रायपुर,** पॉम की खेती प्रदेश के किसानों के लिए स्थायी आय का जरिया बन रही हैं। राज्य सरकार किसानों को अतिरिक्त आमदनी के साधन उपलब्ध कराने पॉम सहित अन्य उद्यानिकी फसलों को बढ़ावा दे रही है। वहीं पॉम ऑयल की मांग और उत्पादकता को ध्यान में रखते हुए पॉम की खेती के लिए किसानों को प्रोत्साहित भी किया जा रहा है। इसके लिए राज्य और केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय तिलहन एवं ऑयल पाम मिशन के तहत साझा अभियान शुरू किया है। जिसके तहत 2 हजार 682 हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र में पॉम पौधों का रोपण हो चुका है। पॉम ऑयल सबसे अधिक उपयोग में लाये जाने वाला वनस्पति तेल है। इसका उपयोग बिस्किट, चॉकलेट, मैगी, स्नैक्स और गैर खाद्य जैसे साबुन, क्रीम, डिटर्जेंट, बायोफ्यूल आदि उत्पादों में होता हैं। पॉम के कृषकों को प्रोत्साहन हेतु केन्द्र सरकार और राज्य सरकार के द्वारा एक-एक लाख रूपए अनुदान भी दिया जा रहा है। वहीं किसानों को निःशुल्क प्रशिक्षण भी दिए जाते हैं।

रायगढ़ विकासखंड के ग्राम चक्रधरपुर के किसान श्री राजेंद्र मेहर ने उद्यान विभाग के सहयोग से अपने 10 एकड़ खेत में 570 आयल पाम के पौधों का रोपण किया है। श्री मेहर ने बताया कि यह भूमि लंबे समय से खाली पड़ी थी और वे काफी समय से उद्यानिकी फसल लेने का विचार कर रहे थे। तकनीकी जानकारी के अभाव में शुरुआत नहीं कर पाए थे, लेकिन उद्यान विभाग से संपर्क के बाद उन्हें न सिर्फ आवश्यक मार्गदर्शन मिला, बल्कि पाम की खेती से होने वाले लाभों की जानकारी भी मिली। इससे प्रेरित होकर उन्होंने पाम की खेती करने का निर्णय लिया। इसी तरह महासमुंद जिले में 611 हेक्टेयर क्षेत्र में पॉम की खेती की जा रही है।

**तीसरे वर्ष से शुरू होता है उत्पादन**

उद्यानिकी विभाग के अधिकारी ने बताया कि ऑयल पाम योजना के तहत् प्रति हेक्टेयर 29 हजार रुपये मूल्य के 143 पौधे निः शुल्क दिए जा रहे हैं। पौध रोपण, फेंसिंग, सिंचाई, रखरखाव और अंतरवर्तीय फसलों की कुल लागत लगभग चार लाख रूपए प्रति हेक्टेयर आती है। इस पर भारत सरकार द्वारा एक लाख रुपए तथा राज्य शासन द्वारा एक लाख रुपए का अनुदान प्रदान किया जा रहा है। शेष राशि के लिए बैंक ऋण सुविधा भी उपलब्ध है।

इसके अतिरिक्त बाग का रखरखाव, ड्रिप इरिगेशन, अंतरवर्ती फसल, बोरवेल, पम्प सेट, वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम वर्मी कम्पोस्ट यूनिट, पॉम कटर, वायर मेश,मोटारोईज्ड चिस्ल, चाप कटर, टेक्टर ट्राली के लिए भी अनुदान का प्रावधान भी किया गया है। ऑयल पॉम फसल का उत्पादन तीसरे वर्ष से शुरू होकर लगभग 25 से 30 वर्षों तक लगातार होता है। पौधों की उम्र बढने के साथ उपज भी बढ़ती है। एक हेक्टेयर से हर वर्ष 15 से 20 टन उपज मिलने की संभावना होती है, जिससे कृषक को ढाई से तीन लाख रुपए तक की सालाना आय हो सकती है।

# भारतीय जनता पार्टी की तिरंगा यात्रा 13 को

**भारतीय जनता** पार्टी जिला जांजगीर चाम्पा के समस्त कार्यकर्ताओ से जिलाध्यक्ष अंबेश जांगड़े ने आग्रह किया है कि मोर तिरंगा मोर अभिमान कार्यक्रम भारतीय जनता पार्टी जिला जांजगीर चाम्पा द्वारा राष्ट्र व सेना के सम्मान में तिरंगा यात्रा 13 तारीख को रेलवे-स्टेशन नैला से कचहरी चौक जांजगीर तक दोपहर 3:00 बजे निकलेगी जिलाध्यक्ष श्री जांगड़े ने भारतीय जनता पार्टी के समस्त ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ताओ व क्षेत्र के सम्मानीय नागरिको से यात्रा मे शामिल होने का आग्रह अधिक से अधिक संख्या मे किया है

## खास खबर

### कड़ी सुरक्षा के बीच जिला जेल में बांधी गई राखी

**कोरबा,।** जेल मैन्युअल के अंतर्गत इस बार यहां के जिला जेल और कटघोरा के उप जेल में रक्षाबंधन पर्व संपन्न हुआ। हाल में हुई घटना को देखते हुए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था मौके पर की गई थी ताकि किसी प्रकार की अनहोनी का सामना फिर ना करना पड़े। प्रशासन के द्वारा विभिन्न त्योहार उनके परिजनों को दी जाती है ताकि उनके द्वारा खुशियों को साझा किया जा सके और दर्द कम हो सके। जेल में व्यवस्थाएं की गई। मौके पर महिला पुरुष बंदियों से मिलने के लिए उनके परिजन पहुंचे। जरूरी औपचारिकता की पूर्ति करने के साथ राखी बांधी गई और मुंह मीठा कराया गया। इस दौरान भावनाओं का ज्वार उमड़ते देखा गया। प्रबंधन ने बंदियों को संकल्प दिलाया कि वे अपने व्यवहार को सही करेंगे और यहां से मुक्त होने के बाद जीवन को सही दिशा देने का काम करेंगे ताकि शेष भविष्य बेहतर हो सके। उन्हें यह भी कहा गया कि अलग-अलग कारण से लोग कई प्रकार के अपराध कर बैठे हैं और बाद में इसके लिए लंबे समय तक पछतावा होता है। इसलिए जरूरत इस बात की है की परिस्थितियों के साथ समन्वय बनाया जाए और फालतू की चीजों की तरफसे ध्यान को हटाया जाए। वंचित समुदाय के इलाके में पहुंचकर विभिन्न सामाजिक संस्थाओं से जुड़े लोगों ने और मुंह मीठा कराया।

### राजनीति में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए युवा वर्ग से काफी उम्मीद

कोरबा, भारतीय राष्ट्रीय युवा कांग्रेस की राष्ट्रीय सचिव नियुक्त होने के बाद पहली बार गृहनगर दीपका कोरबा पहुंचीं अवंतिका तिवारी का शनिवार को गर्मजोशी से स्वागत किया गया। उनके निवास पर पहुंचे कांग्रेसजनों और समर्थकों ने फूल-मालाएं पहनाकर तथा पुष्पगुच्छ भेंट कर बधाई दी। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव तनवीर अहमद ने कहा अवंतिका तिवारी की राष्ट्रीय स्तर पर हुई नियुक्ति न केवल हमारे क्षेत्र बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ के लिए गौरव की बात है। उनके नेतृत्व में युवा कांग्रेस को नई ऊर्जा और सक्रियता मिलेगी। यह समय युवाओं के लिए राजनीति में सकारात्मक बदलाव लाने का है और अवंतिका इसमें अहम भूमिका निभाएंगी। स्वागत कार्यक्रम में कांग्रेस नेता विशाल शुक्ला, जिला युवा कांग्रेस कोरबा महासचिव भरत मिश्रा, कटघोरा विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष रहमान खान, सांसद प्रतिनिधि अफजल अली, जिला महासचिव युवा कांग्रेस बालेंद्र सिंह, ढ्ढञ्ज-ष्टश्वरुरु एवं सोशल मीडिया जिला अध्यक्ष फैयाज अंसारी, युवा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष दीपका सद्दाम शेख, नीरज बंजारे, रामनाथ चैहान समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस अवसर पर अवंतिका तिवारी ने सभी का आभार जताते हुए कहा कि वे संगठन के प्रति पूर्ण निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करेंगी।

### प्राईम मिनिस्टर नेषनल अप्रेन्टिसषिप मेला आईटीआई कोरबा में 11 को

कोरबा, अप्रेन्टिसषिप योजनान्तर्गत औद्योगिक प्रषिक्षण संस्था कोरबा में प्राईम मिनिस्टर नेषनल अप्रेन्टिसषिप मेला (पीएमएनएएम) का आयोजन 11 अगस्त सोमवार को किया जा रहा है।

# विकास व निर्माण कार्यो की कार्यप्रगति एवं राजस्व वसूली कार्यो में तेजी लाएं - आयुक्त

संवाददाता



**कोरबा ।** आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने निगम के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा है कि निगम द्वारा संपादित कराए जाने वाले विकास व निर्माण कार्यो की कार्यप्रगति में आवश्यक तेजी लाएं, निगम के राजस्व की वसूली से जुड़े कार्यो पर विशेष फोकस करें, वहीं नागरिक सेवाओं व सुविधाओं से जुड़े कार्यो, टी.एल. प्रकरणों, जनसमस्याओं व शिकायतों से संबंधित विषयों को सर्वोच्च प्राथमिकता पर रखकर कार्य करें। उन्होने कहा कि शहर की स्वच्छता व साफ-सफाई कार्यो से जुड़े कार्यो को पूरी गंभीरता से लें तथा इस दिशा में किसी प्रकार की लापरवाही व उदासीनता प्रदर्शित न करें।

आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने नगर पालिक निगम कोरबा के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत स्थित एम.आई.सी. कक्ष में निगम के जोन कमिश्नरों व प्रभारी अधिकारियों की बैठक लेकर निगम के समस्त कार्यो की कार्यप्रगति की बिन्दुवार से विस्तार से समीक्षा की। उन्होने विकास व निर्माण कार्यो की समीक्षा करते हुए जिला खनिज न्यास मद, अधोसंरचना मद, आदिवासी विकास प्राधिकरण मद, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन निगम मद, सांसद, विधायक, प्रभारी मंत्री मद, वित्त आयोग मद, एनकेप मद सहित अन्य विभिन्न मदों के अंतर्गत प्रगतिरत व प्रस्तावित विकास कार्यो की कार्यप्रगति की जोनवार व मदवार समीक्षा करते हुए कार्यो की कार्यप्रगति में आवश्यक तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होने कहा कि स्वीकृत कार्यो की निविदा आदि की कार्यवाही समयसीमा में पूरी कराएं तथा जिन कार्यो की निविदा प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है, उनकी आगामी कार्यप्रगति में तेजी लाएं।

**टी.एल.प्रकरणों का समयसीमा में हो निराकरण** - समीक्षा बैठक के दौरान आयुक्त श्री पाण्डेय ने कलेक्टर टी.एल., निगम टी.एल., जनचैपाल, मुख्यमंत्री जनदर्शन, पी.एम.ओ.पोर्टल आदि में प्राप्त शिकायतों व प्रकरणों के साथ-साथ जनशिकायत व जनसमस्या से जुड़े प्रकरणों के निराकरण की वर्तमान स्थिति की बिन्दुवार समीक्षा की। आयुक्त श्री पाण्डेय ने प्रकरणों की बिन्दुवार व प्रकरणवार समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि इन प्रकरणों का निर्धारित समयसीमा में संतुष्टिपूर्ण निराकरण किया जाए, यह अंतिम रूप से सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि समयसीमा के प्रकरणों के निराकरण में किसी भी प्रकार की लापरवाही व उदासीनता न बरती जाए।

**राजस्व वसूली कार्यो की समीक्षा** - बैठक के दौरान आयुक्त श्री पाण्डेय ने निगम के राजस्व वसूली कार्यो की कार्यप्रगति की समीक्षा की, उन्होने सम्पत्तिकर, समेकित कर, शिक्षा उपकर, जलकर, भवन दुकान किराया सहित अन्य मदों में प्राप्त होने वाले राजस्व की वसूली की विषयवार समीक्षा करते हुए राजस्व वसूली में तेजी लाने अभियाचन बिल जारी करने, वार्ड व बस्तियों में राजस्व वसूली के शिविर लगाने, सार्वजनिक प्रतिष्ठानों की नई परिसम्पत्तियों का सर्वे कर सम्पत्तिकर का पुर्ननिर्धारण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। आयुक्त श्री पाण्डेय ने अधिकारियों से कहा कि शहर के विभिन्न स्थानों में दुकानों, व्यवसायिक काम्पलेक्सों के निर्माण के प्रस्ताव भी तैयार कराएं ताकि भविष्य में निगम की राजस्व वृद्धि हेतु ठोस आधार तैयार किया जा सके। **प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा** - बैठक में आयुक्त श्री पाण्डेय ने प्रधानमंत्री आवास योजना की विस्तार से समीक्षा की, योजना के बी.एल.सी. घटक के अंतर्गत जिन हितग्राहियों को प्रथम किश्त की राशि प्रदान की जा चुकी है, किन्तु उनके द्वारा अभी तक आवासगृहों का निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है, ऐसे हितग्राहियों को आवासगृहों का निर्माण प्रारंभ करने हेतु प्रेरित व प्रोत्साहित करने व निर्माण कार्य प्रारंभ करवाने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

### एक्सिस बैंक में 79 लाख की धोखाधड़ी, पूर्व मैनेजर और कैशियर गिरफ्तार

कोरबा,छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में नगर निगम के खाते से करीब 79 लाख रुपए की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। इस गड़बड़ी में एक्सिस बैंक के तत्कालीन शाखा प्रबंधक और कैशियर की संलिप्तता पाई गई है। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

जानकारी के अनुसार, कोरबा नगर निगम के राजस्व विभाग द्वारा वर्ष 2021 से 2023 के बीच विभिन्न कार्यों के लिए राजस्व वसूली की गई थी। यह राशि सीएमएस कंपनी के माध्यम से एक्सिस बैंक की कोरबा शाखा में जमा कराई जानी थी। इस दौरान कुल 91 लाख 68 हजार 42 रुपए जमा करने के लिए सीएमएस कंपनी को सौंपे गए थे। सीएमएस कंपनी की ओर से जब भी यह राशि बैंक में जमा की जाती, एक रसीद प्रदान की जाती थी। लेकिन बैंक के तत्कालीन कैशियर आशीर्वाद प्रियांशु ने राशि को नगर निगम के खाते में जमा नहीं किया, बल्कि जमा होने का झूठा प्रमाण पत्र बनाकर सीएमएस कर्मचारियों को थमा दिया।

समय बीतता गया और निगम को धोखाधड़ी की भनक नहीं लगी।

# मिशन शक्ति टीम कर रही है जागरुक

कोरबा, संवाददाता




कोरबा जिले में जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास के मार्गदर्शन में विश्व स्तनपान सप्ताह 01 अगस्त से 07 अगस्त तक मनाया गया। 2025 के लिये थीम '' इनवेस्ट इन ब्रेस्टफीडिंग, इनवेस्ट इन द फ्यूचर''निर्धारित की गई। समस्त आंगनबाड़ी केन्द्रों में स्तनपान सप्ताह में जागरुकता कार्यक्रम चलाये गये साथ ही हितग्राहियों को स्तनपान के महत्व से अवगत कराया गया एवं बताया गया कि इससे जिले के बालमृत्यु दर में कमीं लाई जा सकती है। प्रत्येक महिला को बच्चे के जन्म से 6 माह तक केवल मां का दुग्धपान कराने हेतु प्रेरित किया गया एवं गर्भवती व शिशुवती माताओं को 6 माह तक सतत स्तनपान एवं पीला गाढ़ा दूध (कोलेस्ट्रम) दुध का महत्व समझाया गया।

**मिशन शक्ति टीम कर रही है जागरुक** - महिला एवं बाल विकास विभाग की मिशन शक्ति टीम द्वारा विभिन्न स्थलों में पहुंच कर जागरुकता कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को स्तनपान के महत्व व उद्देश्य से अवगत कराया, उन्होनें महिलाओं को उनके बदलते हुये जीवन शैली और कामकाज में व्यस्तता के कारण अपने बच्चें को स्तनपान न करवाने से होने वाले दुष्परिणाम से भी जागरुक किया गया साथ ही बताया कि सतत् स्तनपान कराने से स्तन कैंसर जैसी खतरनाक बीमारी को रोक जा सकता है और अन्य बच्चों की अपेक्षा स्तनपान वाले बच्चों में संक्रमण का खतरा कम, रोगप्रतिरोधी क्षमता अधिक होती है, स्तनपान कराने से माँ का प्रसव के बाद होने वाले रक्त स्त्राव को रुक जाता है जिससे माँ में खून की कमी होने का खतरा कम हो जाता है। स्तनपान कराने से माँ को हड्डियों की कमजोरी से बचाता है, माँ से मिलने वाले दूध में कोलेस्ट्रम होता है जो की शिशु को प्रतिरोधक क्षमता को बढाता है और शिशु को रोगों से बचाने के साथ स्तनपान शिशु और मां के बीच भावनात्मक बंधन को मजबूत करता है व शिशु के सर्वागीण विकास में नींव का कार्य करता है।

### आंगनबाड़ी केन्द्रों मे आयोजित सुपोषण चैपाल

महिला एवं बाल विकास विभाग के निर्देश पर जिले के समस्त आंगनबाड़ी केन्द्रों मे 07 अगस्त 2025 को सुपोषण चैपाल का आयोजन करते हुये स्तनपान दिवस मनाया गया।इसमें उपस्थित लोगों को संतुलित आहार, पोषक तत्व, स्वास्थ्य लाभ एवं स्थानीय खाद्य पदार्थ के सेवन हेतु प्रेरित के साथ साथ रेडी टू ईट, पोषण आहार, स्थानीय साग सब्जियों व फलों के फायदे बताते हुये भागीदारी सुनिश्चित की गई जिससे जच्चा - बच्चा दोनों सुपोषित एवं स्वस्थ रहेगें।

### पद्म पुरस्कार-2026 के लिये नामांकन की अंतिम तिथि 15 अगस्त तक

**कोरबा,** पद्म पुरस्कार-2026 के लिये नामांकन/सिफारिशें जमा करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2025 से बढ़ाकर 15 अगस्त 2025 कर दी गई है। पद्म पुरस्कारों के लिये नामांकन/सिफारिशें केवल राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल- ;ीजजचेरूध्ध्ंूतकेण्हवअण्पदद्ध पर ऑनलाईन प्राप्त की जाएंगी। गणतंत्र दिवस 2026 के अवसर पर घोषित किये जाने पद्म पुरस्कार 2026 के लिये नामांकन/सिफारिशें 15 अगस्त 2025 तक बढ़ा दी गई हैं।

पद्म पुरस्कार, अर्थात् पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्म श्री, देश के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कारों में से है। 1954 में स्थापित, इन पुरस्कारों की घोषणा हर साल गणतंत्र दिवस के अवसर पर की जाती है। यह पुरस्कार 'विशिष्ट कार्य' को मान्यता देने के लिये दिया जाता है और कला, साहित्य और शिक्षा, खेल, चिकित्सा, सामाजिक कार्य, विज्ञान और इंजीनियरिंग जैसे सभी क्षेत्रों/विषयों में विशिष्ट और असाधारण उपलब्धियों/सेवाओं के लिये दिया जाता है। सार्वजनिक मामले, सिविल सेवा, व्यापार और उद्योग आदि। जाति, व्यवसाय, पद या लिंग के भेदभाव के बिना सभी व्यक्ति इन पुरस्कारों के लिये पात्र हैं इसी तरह महिलाओं, समाज के कमजोर वर्गों, अनुसूचित जातियों और जनजातियों, दिव्यांगजनों में से ऐसे प्रतिभाशाली व्यक्तियों की पहचान करने के लिये ठोस प्रयास किये जा सकते हैं, जिनकी उत्कृष्टता और उपलब्धियां वास्तव में मान्यता के योग्य हैं और जो समाज की निस्वार्थ सेवा कर रहे हैं, वह सभी व्यक्ति भी इन पुरस्कारों के लिये पात्र हैं।

### मां के चरित्र पर उंगली उठाई तो नाराज पुत्र ने कर दी पिता की हत्या

**कोरबा,** लंबे समय से घर में चल रही कलह को देख पुत्र का खून खौल उठा। उसने आव देख न ताव और फावड़ा से हमला कर पिता की जान ले ली। पुलिस ने विधि से संघर्षरत किशोर को अभीरक्षा में लिया है । उसे किशोर न्याय बोर्ड में पेश करने के बाद सुधार ग्रह भेजा जाएगा।

करतला के प्रधान पारा में यह घटना शुक्रवार को 11 बजे के आसपास हुई। इस घटना में 40 वर्षीय धनीराम यादव की मौत हो गई। मृतक अपने परिजनों के साथ यहां निवासरत था। खबर के अनुसार पिछले कुछ दिनों से उसका रवैया अपनी पत्नी को लेकर ठीक नहीं था और यह बात परिवार के अन्य लोगों को नागवार लग रही थी।

करतला थाना प्रभारी के के वर्मा ने बताया कि मृतक धनीराम यादव के द्वारा अपनी पत्नी के चरित्र को लेकर टिप्पणी की जा रही थी। दूसरे से अफेयर होने की बात में घर में करता था जिससे कलह के हालात न केवल बने बल्कि समय के साथ और मजबूत होते गए। बताया गया कि शुक्रवार को इसी बात को लेकर विवाद पैदा हुआ। भोजन तैयार हुआ तो धनीराम ने उसे आवेश में आकर फेंक दिया। इतना ही नहीं उसके द्वारा फावड़ा लेकर अपने 16 वर्षीय पुत्र को मारने के लिए दौड़ा। इसी बात को लेकर विवाद और बढ़ गया। पहले से ही माँ के चरित्र को लेकर पिता के द्वारा लगाए जा रहे लांछन से वह क्षुब्ध था। शुक्रवार की घटना ने उसे और ज्यादा नाराज कर दिया। पिता की हरकत की प्रतिक्रिया में पुत्र ने उससे फावड़ा छीना और उसी पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। इस घटना में धनीराम की मौके पर ही मौत हो गई। लगभग 4 घंटे बाद आसपास के लोगों को इसकी जानकारी हुई, तब पुलिस के पास सूचना पहुंची। इसके बाद मौके पर पहुंच संज्ञान लिया गया। इस प्रकरण में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा के अंतर्गत मर्ग और हत्या का अपराध दर्ज किया गया है। थाना प्रभारी वर्मा ने बताया कि विधि से संघर्षरत किशोर को कस्टडी में लेने के साथ अगली कार्रवाई की जा रही है।

## बालको की सर्कुलर इकोनॉमी से निर्माण को नई राह, फ्लाई ऐश से फ्लैट तक

कोरबा, संवाददाता।



वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) सर्कुलर इकोनॉमी को बढ़ावा देने के लिए फ्लाई ऐश (राख) के पुनः उपयोग की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठा रही है। थर्मल पावर प्लांट्स से उत्पन्न फ्लाई ऐश का पुनः उपयोग करते हुए उसे टिकाऊ ईंटों में बदला जा रहा है, जो प्रधानमंत्री आवास योजना सहित विभिन्न सरकारी परियोजनाओं में उपयोग की जा रही हैं। यह पहल ग्रामीण और शहरी आवास विकास में सतत आपूर्ति श्रृंखलाओं के लिए नए रास्ते खोल रही है।

राष्ट्रीय सतत विकास लक्ष्यों के अनुरूप बालको 70 से अधिक स्थानीय ईंट निर्माण यूनिट को फ्लाई ऐश की आपूर्ति कर रहा है, जिससे पर्यावरण-अनुकूल ईंटों का उत्पादन संभव हो पा रहा है और सार्वजनिक अधोसंरचना परियोजनाओं में इनका उपयोग किया जा रहा है। फ्लाई ऐश ईंटें पारंपरिक लाल ईंटों की तुलना में हल्की, अधिक टिकाऊ और थर्मल इंसुलेशन में बेहतर होती हैं, जिससे ये ऊर्जा की बचत वाले निर्माण कार्यों के लिए उपयुक्त साबित होती हैं। जबकि लाल ईंटों के निर्माण में उपजाऊ मिट्टी की आवश्यकता होती है, जिससे भूमि क्षरण होता है। वहीं फ्लाई ऐश ईंटें औद्योगिक अपशिष्ट का पुनः उपयोग करके प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण में योगदान देती हैं और पर्यावरणीय प्रभाव को कम करती हैं। यह परिवर्तन भारत की सर्कुलर इकोनॉमी के लक्ष्यों को सीधे तौर पर लाभप्रद साबित हो रहा है और स्थानीय उद्यमों को सशक्त बना रहा है।

बालको फ्लाई ऐश की निःशुल्क आपूर्ति करता है, जिससे ईंट निर्माताओं के लिए कच्चे माल की लागत में कमी आती है और वे पारंपरिक लाल ईंटों का टिकाऊ और मजबूत विकल्प तैयार कर पाते हैं। बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक श्री राजेश कुमार ने कहा कि बालको में हम सर्कुलर इकोनॉमी के सिद्धांतों को अपनाकर न सिर्फ पर्यावरण की रक्षा कर रहे हैं, बल्कि स्थानीय समुदाय और सूक्ष्म उद्योगों को भी सशक्त बना रहे हैं।

# एस.ई.सी.एल.की कालोनियों में पसरी गंदगी व एस.एल.आर.एम.सेंटर की बदहाली पर भड़के आयुक्त

संवाददाता



आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने एस.ई.सी.एल. व निगम के अधिकारियों के साथ सुभाष ब्लाक, जे.पी.कालोनी, एस.बी.एस. कालोनी, एस.ई.सी.एल. कोरबा क्षेत्र की सफाई व्यवस्था का किया निरीक्षण

सफ ाई व्यवस्था को तत्काल सुधारने, एस.एल.आर.एम.सेंटर को निर्धारित मानदण्डों के अनुरूप तैयार करने तथा एस.ई.सी.एल. की स्वच्छता दीदियों व सफ ाई कामगारों को निगम के मिनीमाता एस.एल.आर.एम. सेंटर में कचरा प्रबंधन का प्रशिक्षण दिलाने के दिए निर्देश

कोरबा 09 अगस्त। आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने एस.ई.सी.एल. कोरबा क्षेत्र की आवासीय कालोनियों में जगह-जगह पसरी गंदगी, कचरा डम्पिंग स्थल से उठ रही दुर्गन्ध व एस.एल.आर.एम.सेंटर की बदहाली पर गहरी नाराजगी जाहिर की। उन्होने एस.ई.सी.एल. के संबंधित अधिकारियों से कहा कि वे आवासीय कालोनियों की सफाई व्यवस्था में तत्काल सुधार लाएं, सफाई कार्यो की कडी मानीटरिंग करते हुए धरातलीय स्तर पर नियमित सफाई कार्य हो, यह सुनिश्चित करें। उन्होने एस.एल.आर.एम.सेंटर की बदहाली दूर कर उसे 01 माह के अंदर निर्धारित मानदण्डों के अनुरूप तैयार करने तथा एस.ई.सी.एल. की स्वच्छता दीदियों को निगम के मिनीमाता एस.एल.आर.एम.सेंटर में कचरा प्रबंधन का प्रशिक्षण दिलाए जाने के निर्देश प्रतिष्ठान के अधिकारियों को दिए।

आयुक्त श्री पाण्डेय ने एस.ई.सी.एल. कोरबा तथा निगम के अधिकारियों की टीम के साथ एस.ई.सी.एल.की आवासीय कालोनियों सुभाष ब्लाक, जे.पी.कालोनी, एस.बी.एस. कालोनी, जी.एम. आफिस के आसपास के क्षेत्रों की सफाई व्यवस्था एवं एस.ई.सी.एल. द्वारा संचालित एस.एल.आर.एम.सेंटर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जगह-जगह बिखरी गंदगी व साफ-सफाई के अभाव पर आयुक्त श्री पाण्डेय ने गहरा अफसोस जताते हुए अपनी नाराजगी व्यक्त की तथा सफाई व्यवस्था में तत्काल सुधार लाने व कालोनियों की गंदगी दूर करने, नियमित सफाई कार्य कराए जाने तथा 15 दिवस के अंदर कार्यशैली में सुधार लाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। एस.एल.आर.एम. सेंटर के पास स्थित कचरा संग्रहण स्थल पर उठती अत्यंत बदबूदार दुर्गन्ध एवं इससे दूषित होने वाली, वहाँ आबोहवा को गंभीरता से लेते हुए उन्होने प्रतिष्ठान के अधिकारियों से कहा कि इस गंभीर स्थिति को तत्काल सुधारे तथा यहाँ की सम्पूर्ण सफाई सुनिश्चित करते हुए कचरे का उचित प्रबंधन करें।

**एक माह में सुधारे बदहाल एस.एल.आर.एम.सेंटर की दशा** - आयुक्त श्री पाण्डेय ने वहाँ पर एस.ई.सी.एल. द्वारा बनाए गए एस.एल.आर.एम.सेंटर का निरीक्षण किया। सेंटर बदहाल स्थिति में है तथा वहाँ की गतिविधियाँ शून्य है, सेंटर में सन्नाटा पसरा है, कचरे का ढेर यत्र-तत्र बिखरा है तथा कचरा प्रबंधन से जुड़े किसी भी प्रकार के क्रियाक्लाप संचालित नहीं है। आयुक्त श्री पाण्डेय ने इस स्थिति को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए प्रतिष्ठान के अधिकारियों से कहा कि 01 माह के अंदर सेंटर की व्यवस्थाओं को निर्धारित मानदण्डों के अनुरूप तैयार कर वहाँ पर कचरा प्रबंधन की गतिविधियों का सुचारू संचालन सुनिश्चित कराएं।

**जी.व्ही.पी.प्वाईंट समाप्त करें** - भ्रमण के दौरान देखा गया कि आवासीय कालोनियों की सड़कों व मुख्य मार्ग पर अनेक स्थलों पर लोगों द्वारा कचरा डाला जा रहा है, जो वहाँ पर काफी दिनों तक डम्प रहता है। इन स्थलों में कालीबाड़ी मोड़ एवं पोस्ट आफिस के पास तथा एस.ई.सी.एल. सतनाम प्रांगण के पास आदि स्थल शामिल हैं, आयुक्त श्री पाण्डेय ने प्रतिष्ठान के अधिकारियों से कहा कि इन सभी जी.व्ही.पी. प्वाईंटों को समाप्त कराए, स्थलों की फेंसिंग कर वहाँ सौंदर्यीकरण करें तथा फूलदार पौधे व अन्य सजावटी सामग्रियों स्थापित कर स्थलों को बेहतर स्वरूप दें ताकि लोग इन स्थलों पर कचरा न डालें, साथ ही लोगों को समझाईश दें कि वे वहाँ कचरा न डालें।

**डोर-टू-डोर अपशिष्ट संग्रहण को प्रभावी बनाएं** - आयुक्त श्री पाण्डेय ने एस.ई.सी.एल. कोरबा द्वारा आवासीय कालोनियों में की गई डोर-टू-डोर अपशिष्ट संग्रहण की व्यवस्था की जानकारी ली। अधिकारियों ने बताया कि विभिन्न आवासीय कालोनियों में कुल 1284 आवासगृह हैं तथा 04 रिक्शें के माध्यम से अपशिष्ट संग्रहण का कार्य कराया जाता है। आयुक्त श्री पाण्डेय ने रिक्शों की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए ताकि प्रत्येक घर से समय पर कचरे का संग्रहण किया जा सके। उन्होने सफाई रिक्शों को अपडेट करने, सूखा व गीला कचरा तथा डोमेस्टिक अपशिष्ट पृथक-पृथक संग्रहित करने, कचरे का स्त्रोत पृथकीकरण कराने, स्वच्छता दीदियों को निर्धारित डेऊस व सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए।

### जिला कांग्रेस कमेटी कोरबा में मंडल अध्यक्षों की नियुक्ति, 10 मंडलों में जिम्मेदारी बंटी

**कोरबा,** जिला कांग्रेस कमेटी कोरबा (शहर) ने विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 21 कोरबा के 10 मंडलों में नए मंडल अध्यक्षों की नियुक्ति की है। संगठन सुदृढ़ीकरण के तहत घोषित इस सूची में विभिन्न वार्डों के लिए जिम्मेदारी तय कर दी गई है। घोषित सूची के अनुसार - सीतामणी मंडल (वार्ड 1-2 एवं 5 से 12) का प्रभार मनीष शर्मा को दिया गया है। पोडीबहार मंडल (वार्ड 25 से 35) के अध्यक्ष प्रदीप जायसवाल होंगे। टी.पी. नगर मंडल (वार्ड 3, 4, 13 से 18) की जिम्मेदारी जवाहर निर्मलकर को सौंपी गई। बुधवारी मंडल (वार्ड 19 से 24 एवं 36, 37) का नेतृत्व पालू राम साहू करेंगे। दर्री मंडल (वार्ड 48 से 53 एवं 59, 60) के अध्यक्ष डॉ. एल.पी. साहू होंगे। जमनीपाली मंडल (वार्ड 54 से 58 एवं 67) का प्रभार रोपा तिर्की को दिया गया है। पाड़ीमार मंडल (वार्ड 38 से 42) के अध्यक्ष देवी दयाल सोनी होंगे। नेहरुनगर मंडल (वार्ड 43 से 47) का नेतृत्व बुद्धेश्वर चैहान को मिला। सर्वमंगला नगर मंडल (वार्ड 61 से 63) के अध्यक्ष अश्वनी पटेल होंगे। भैरोताल मंडल (वार्ड 64 से 66) का प्रभार सुरती कुलदीप को सौंपा गया है।



निकाली गई तिरंगा यात्रा

## प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना से छत्तीसगढ़ के 1.41 लाख किसानों को 152.84 करोड़ का भुगतान

**रायपुर :** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत आज छत्तीसगढ़ के 1 लाख 41 हजार से अधिक किसानों के बैंक खातों में ?152 करोड़ 84 लाख की राशि का सीधा अंतरण किया गया। यह राशि फसल हानि की भरपाई के साथ किसानों को आर्थिक सुरक्षा भी प्रदान करेगी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय कृषि मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके दूरदर्शी नेतृत्व में यह योजना किसानों के लिए सुरक्षा कवच बन गई है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि आज देशभर में 30 लाख से अधिक किसानों को कुल ?3,200 करोड़ से ज्यादा की बीमा दावा राशि का लाभ मिला है। उन्होंने कहा कि अन्नदाताओं की रक्षा और उनकी समृद्धि हमारे लिए सर्वोच्च प्राथमिकता है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय कृषि मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के मार्गदर्शन और संकल्प से किसानों की समृद्धि और आर्थिक सुरक्षा का द्वार खुला है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार, केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को पूरी पारदर्शिता और तत्परता के साथ प्रभावी तरीके से लागू करने के लिए प्रतिबद्ध है, ताकि राज्य के किसान आर्थिक रूप से और अधिक सशक्त होने के साथ ही आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर हो सकें।

## मुख्यमंत्री साय ने छत्तीसगढ़ की पहली महिला सांसद मिनीमाता की पुण्यतिथि पर



### उनके अविस्मरणीय योगदान को किया नमन

रायपुर। मुख्यमंत्री श्री साय ने छत्तीसगढ़ की पहली महिला सांसद मिनीमाता की पुण्यतिथि पर उनके अविस्मरणीय योगदान को किया नमनमुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने छत्तीसगढ़ की प्रथम महिला सांसद और महान समाजसेविका स्वर्गीय मिनीमाता जी की पुण्यतिथि पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उनका जीवन निस्वार्थ सेवा, अटूट साहस और सामाजिक परिवर्तन का जीवंत प्रतीक है। उन्होंने कहा कि मिनीमाता जी ने वंचित वर्गों, महिलाओं, दलितों और गरीबों के अधिकारों की रक्षा को अपने जीवन का उद्देश्य बनाया और समाज में सम्मान, समानता एवं न्याय की नींव मजबूत की।

मुख्यमंत्री श्री साय ने स्मरण किया कि संसद में अपने कार्यकाल के दौरान मिनीमाता जी ने बाल विवाह, दहेज प्रथा और छुआछूत जैसी सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध सशक्त और निर्भीक स्वर उठाया। उन्होंने मजदूरों के अधिकारों की रक्षा, महिला शिक्षा के प्रसार और सामाजिक समानता की स्थापना के लिए जो योगदान दिया, वह इतिहास के स्वर्णिम अध्यायों में दर्ज है। उनकी सादगी, संवेदनशीलता और सेवाभाव ने उन्हें जनमानस में अमिट स्थान दिलाया।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि मिनीमाता जी की विचारधारा केवल अतीत की धरोहर नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ के वर्तमान और भविष्य के लिए प्रकाशस्तंभ की तरह है। उन्होंने आह्वान किया कि हम सभी उनके आदर्शों से प्रेरणा लेकर, भाईचारे, समानता और न्याय पर आधारित एक सशक्त, समावेशी और प्रगतिशील छत्तीसगढ़ के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएँ।

# छत्तीसगढ़ की बहनों की सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण के लिए हमारी सरकार प्रतिबद्ध - मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय

### रक्षाबंधन पर जशपुर एक्सप्रेस का शुभारंभ : बिहान की 12 दीदियों को ई-रिक्शा का उपहार

**रायपुर ।** रक्षाबंधन के पावन अवसर पर मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने जशपुर जिले के गृहग्राम बगिया से जशपुर एक्सप्रेस का शुभारंभ किया और बिहान योजना से जुड़ी 12 दीदियों को राखी के उपहार स्वरूप ई-रिक्शा प्रदान किए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने स्वयं स्व-सहायता समूह की महिला श्रीमती गिलसोनिका पाण्डे के ई-रिक्शा में बैठकर बगिया निवास परिसर की यात्रा की।7मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि यह ई-रिक्शा न केवल पर्यावरण के अनुकूल है, बल्कि इसकी परिचालन लागत भी कम है। इससे महिलाएं स्थानीय परिवहन सेवाओं में अपनी भागीदारी निभाते हुए आत्मनिर्भर बनेंगी और अपने परिवार की आवश्यकताओं को बेहतर ढंग से पूरा कर सकेंगी। उन्होंने रक्षाबंधन की बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमारी सरकार छत्तीसगढ़ की सभी बहनों की सुरक्षा और सहयोग के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। स्व-सहायता समूह की बहनों




को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के लिए ही यह ई-रिक्शा वितरण किया गया है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि उनकी सरकार मोदी की गारंटी को तेजी से लागू कर रही है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत स्वीकृत 18 लाख आवास का कार्य तीव्र गति से पूरा किया जा रहा है। इसके साथ ही आवास प्लस प्लस योजना के अंतर्गत 5 एकड़ असिंचित भूमि, 2.50 एकड़ सिंचित भूमि, टू-व्हीलर और 15 हजार रुपये मासिक आमदनी वाले पात्र परिवारों को भी लाभ दिया जाएगा। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि महतारी वंदन योजना के माध्यम से 70 लाख बहनों को प्रति माह 1000 रुपये दिए जा रहे हैं। तेंदूपत्ता संग्राहकों की आय बढ़ाने के लिए तेंदूपत्ता का समर्थन मूल्य 5500 रुपये प्रति मानक बोरा किया गया है। गांवों में बैंकिंग सुविधा उपलब्ध कराने हेतु अटल डिजिटल सुविधा केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं, जिन्हें आगामी पंचायत दिवस पर सभी ग्राम पंचायतों में शुरू किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आम नागरिकों की सुविधा के लिए रजिस्ट्री में 10 नई क्रांतियों के तहत पंजीयन प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी, सरल, डिजिटल और नागरिक-केंद्रित बनाया गया है। दूरस्थ एवं पहुंचविहीन क्षेत्रों में मुख्यमंत्री ग्रामीण बस योजना के तहत बस सेवाएं प्रारंभ की गई हैं। उन्होंने बताया कि जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के लिए मेडिकल कॉलेज, प्राकृतिक चिकित्सा एवं फिजियोथेरेपी केंद्र, शासकीय नर्सिंग कॉलेज और शासकीय फिजियोथेरेपी कॉलेज खोले जाएंगे।

कार्यक्रम में बताया गया कि ई-रिक्शा का संचालन जिले के विभिन्न रूट्स पर महिला संचालकों द्वारा किया जाएगा। फरसाबहार में प्रतिमा भगत फरसाबहार- कन्दईबहार- अमडीहा- तपकरा मार्ग पर, मदनावती लवाकेरा- अमडीहा- पुराईनबंध- समडमा- तपकरा मार्ग पर, राजकुमारी पैंकरा तपकरा- कन्दईबहार- तुबा- फरसाबहार मार्ग पर और उर्मिला भगत खुटगांव- सिंगीबहार- साजबहार- तपकरा मार्ग पर परिचालन करेंगी। इसी तरह, दुलदुला में बिंदेश्वरी देवी कोसा- दुलदुला- विपतपुर- छेरडांड मार्ग पर, पार्वती साय कोसा- दुलदुला- पतराटोली- लोरो- बम्हनी मार्ग पर, संगीता देवी छेरडांड- लोरो- बम्हनी- कस्तुरा मार्ग पर और बिमला देवी छेरडांड- दुलदुला- लोरो- पतराटोली मार्ग पर परिचालन करेंगी। कांसाबेल में गिलसोनिका पाण्डे टांगरगांव- हथगड़ा- कांसाबेल मार्ग पर, तियासो पैंकरा बांसबहार- दोकड़ा- पुसरा- खुंटीटोली- कांसाबेल मार्ग पर, नीता रवानी कटंगखार- दोकड़ा- बन्दरचुंआ- कांसाबेल मार्ग पर और अंगावती बाई देवरी- दोकड़ा- छाताबर- कांसाबेल मार्ग पर ई-रिक्शा का परिचालन करेंगी।

इस अवसर पर कमिश्नर श्री नरेंद्र दुग्गा, आईजी श्री दीपक कुमार झा, जिला पंचायत सीईओ श्री अभिषेक कुमार, डिप्टी कलेक्टर श्री समीर बड़ा, श्री उपेन्द्र यादव, श्री गणेश जैन एवं श्री रवि यादव उपस्थित थे।

## दूध से भरी टाटा एस वाहन ट्रांसफार्मर टकराई, ड्राइवर गंभीर रूप से घायल

**भिलाई ।** भिलाई-3 में राष्ट्रीय राजमार्ग पर बीती रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। जानकारी के अनुसार, सुबह करीब 4 से 4:30 बजे के बीच भिलाई-3 पेट्रोल पंप के सामने एक टाटा एस वाहन, जो अमूल दूध की डिलीवरी के लिए निकली थी, अचानक सामने आए जानवर को बचाने के प्रयास में अनियंत्रित होकर ट्रांसफार्मर के खंभे से जा टकराई।इस दुर्घटना में वाहन का ड्राइवर गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसकी टांग की हड्डी टूट गई वहीं हेल्पर को भी हल्की चोटें आईं। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ड्राइवर और हेल्पर केबिन में फंस गए। सूचना मिलते ही थाना पुरानी भिलाई-3 और ट्रैफिक पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकालकर जिला अस्पताल दुर्ग में भर्ती कराया। फिलहाल दोनों का इलाज जारी है।

## तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौके पर मौत, चालक फरार

**बलरामपुर ।** बलरामपुर जिले में एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की जान चली गई। यह दुर्घटना नेशनल हाइवे-343 पर सुहानी ढाबा के पास हुई, जहां एक तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। यह घटना बलरामपुर कोतवाली क्षेत्र में हुई। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि घटनास्थल पर एक खतरनाक मोड़ है, और तेज गति की वजह से यह हादसा हुआ।घटना की जानकारी मिलते ही यातायात पुलिस मौके पर पहुंची और बाइक की नंबर प्लेट के आधार पर मृतक की पहचान करने की कोशिश कर रही है। फिलहाल पुलिस फरार ट्रक चालक की तलाश में जुटी हुई है।

### शिवनाथ नदी में डूबे युवक का शव बरामद

**रायपुर ।** राजनांदगांव ज़िले के ग्राम हल्दी, थाना बसंतपुर क्षेत्र के मोहारा एनीकट, शिवनाथ नदी में एक युवक के डूबने की सूचना कंट्रोल रूम दुर्ग को प्राप्त हुई। सूचना मिलते ही जिला सेनानी एवं अग्निशमन अधिकारी नागेंद्र कुमार सिंह के निर्देशानुसार एस.डी.आर.एफ दुर्ग की टीम तत्काल घटनास्थल के लिए रवाना की गई।

## पीडीएस के तहत माह अगस्त के लिए 1332 किलोलीटर केरोसिन का आबंटन

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा राज्य के गैर अनुसूचित क्षेत्रों के गैस कनेक्शनधारी राशनकार्डों में भी पीडीएस के तहत केरोसिन प्रदाय करने का निर्देश दिया गया है। इसके लिए छत्तीसगढ़ को माह अगस्त के लिए 1332 किलोलीटर केरोसिन का आबंटन किया गया है। जिसे उचित मूल्य की दुकानों के माध्यम से हितग्राहियों को वितरित किया जाएगा। इस आशय का पत्र इन्द्रावती भवन स्थित खाद्य विभाग द्वारा प्रदेश के सभी कलेक्टरों एवं राज्य स्तरीय समन्वयक ऑयल उद्योग रायपुर को जारी कर दिया गया है।



पत्र में कहा गया है कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत प्रचलित समस्त अंत्योदय एवं प्राथमिकता राशनकार्डों को पात्रता होगी। नगरीय क्षेत्रों के राशनकार्डधारियों के लिए एक लीटर तथा ग्रामीण क्षेत्रों में अनुसूचित क्षेत्र तथा गैर अनुसूचित क्षेत्रों के राशनकार्डधारियों को अधिकतम दो लीटर केरोसिन प्रदान किया जाएगा। माह अगस्त 2025 के लिए आबंटित केरोसिन का उठाव 31 अगस्त तक करने को कहा गया है।

राज्य में माह अगस्त के लिए जिलेवार केरोसिन आबंटन की मात्रा इस प्रकार है - बस्तर, कांकेर, जांजगीर-चांपा, दुर्ग, कोरबा, रायगढ़, बेमेतरा, कवर्धा और सारंगढ़-बिलाईगढ़ के लिए 48-48 किलोलीटर, धमतरी, कोण्डागांव, मुंगेली, बालोद, राजनांदगांव, गरियाबंद, बलरामपुर, सूरजपुर और सक्ती जिले के लिए 36-36 किलोलीटर केरोसिन का आबंटन किया गया है। वहीं बिलासपुर, रायपुर, सरगुजा, जशपुर के लिए 72-72 किलोलीटर केरोसिन का आबंटन जारी किया गया है। इसी प्रकार बलौदाबाजार-भाटापारा, महासमुंद, के लिए 60-60 किलोलीटर और मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर, कोरिया, कोरिया, सुकमा, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही, के लिए 24-24 किलोलीटर केरोसिन का आबंटन किया गया है। इसी प्रकार बीजापुर, नारायणपुर, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई और मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी जिले के लिए 12-12 किलोलीटर केरोसिन का आबंटन जारी किया गया है

## अपहरण और फिरौती की सनसनीखेज वारदात, दो आरोपी गिरफ्तारो

**बलरामपुर।** छत्तीसगढ़ के बलरामपुर-रामानुजगंज जिले में अपहरण और फिरौती का एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जिसने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी है। बसंतपुर थाना क्षेत्र में रहने वाले विजय मरकाम को 6 अगस्त को बहाने से बुलाकर कार में जबरन बैठाया गया और उत्तर प्रदेश के बीजपुर ले जाकर बंधक बना लिया गया। आरोपियों ने उसे एक मोबाइल टावर के पैनल रूम में छिपाकर रखा और उसके भाई बृजेश सिंह मरकाम से 3 लाख रुपये की फिरौती की मांग की। फिरौती नहीं देने पर युवक की हत्या की धमकी दी गई।

यह मामला तब सामने आया जब 7 अगस्त को विजय ने खुद अपने भाई को कॉल कर बताया कि वह तीन अज्ञात व्यक्तियों के साथ है। कॉल के दौरान एक आरोपी ने फोन छीनकर सीधे फिरौती की मांग की और शाम तक रकम नहीं देने पर गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी दी। 8 अगस्त को बृजेश ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई, जिसके बाद पुलिस ने तेजी से कार्रवाई शुरू की। पुलिस ने तकनीकी सहायता से विजय के मोबाइल की लोकेशन ट्रेस की और पाया कि वह बीजपुर, उत्तर प्रदेश में है। विशेष टीम ने वहां दबिश देकर विजय को सुरक्षित छुड़ा लिया और दो आरोपियों सद्दाम अंसारी और रोहित कुमार चौरसिया को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में दोनों ने अपना जुर्म कबूल किया। पुलिस ने उनके पास से अपहरण में इस्तेमाल की गई कार और मोबाइल फोन भी बरामद कर लिया है। दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। अपहृत युवक विजय मरकाम ने बताया कि आरोपी उसे प्रेमनगर चौक से यह कहकर ले गए कि लकड़ी देखने चलना है और बाद में बीजपुर ले जाकर बंधक बना लिया। पूछताछ में यह भी सामने आया कि आरोपियों को विजय पर लकड़ी की तस्करी में मुखबिरी करने का शक था और उन्होंने नुकसान की भरपाई के नाम पर फिरौती की मांग की थी। इस घटना से इलाके में दहशत का माहौल है, लेकिन पुलिस की तत्परता और सक्रियता से एक बड़ा हादसा टल गया और युवक को सकुशल वापस लाया गया। फिलहाल मामला जांच के अधीन है और पुलिस अन्य पहलुओं की भी पड़ताल कर रही है।

# प्रधानमंत्री सूर्यघर–मुफ्त बिजली योजना से सुनीत लाल का बिजली बिल हुआ शून्य

### 78 हजार रूपए की अनुदान पर अपने घर पर लगवाया सोलर रूफटॉप सिस्टम

**रायपुर।** प्रधानमंत्री सूर्यघर-मुफ्त बिजली योजना का लाभ उठाते हुए सुंदर नगर, गौरेला-पेण्ड्रा-मारवाही जिले के निवासी श्री सुनीत लाल ने अपने घर पर सोलर रूफटॉप सिस्टम लगवाया है। सुनीत लाल ने बताया कि संयंत्र चालू होते ही उनके घर में बिजली उत्पादन शुरू हो गया और पहले ही महीने उनका बिजली बिल पूरी तरह से शून्य हो गया। इस योजना के तहत उन्हें 78 हजार रुपए की अनुदान राशि प्राप्त हुई, जिससे उन्हें आर्थिक रूप से बड़ी राहत मिली। उन्होंने कहा कि यह योजना न केवल बिजली बिल से छुटकारा दिला रही है, बल्कि अतिरिक्त बिजली को ग्रिड में भेजकर आमदनी का स्रोत भी बन रही है। उन्होंने बताया कि उसे बिजली विभाग से योजना की जानकारी मिली, जिसके बाद उसने अपने घर की छत में पैनल लगवाया। यह सबसे बढ़िया योजना है जिसे हर किसी को अपनाना चाहिए। उन्होंने बताया कि यह सोलर पैनल 10 साल की गारंटी के साथ आया है और 2-3 वर्षों में इसकी लागत पूरी तरह वसूल हो जाएगी, उसके बाद यह शुद्ध बचत



का जरिया बनेगा। सुनीत लाल ने योजना के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय का आभार प्रकट करते हुए कहा कि यह योजना हर घर को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम है। इस योजना से जुड़ने के लिए उपभोक्ता को httpsÑ//pmsuryaghar.gov.in या मोबाइल एप पर जाकर पंजीयन करना होता है। इसके बाद अधिकृत वेंडर सोलर पैनल की स्थापना करते हैं। सत्यापन के उपरांत सब्सिडी राशि सीधे उपभोक्ता के बैंक खाते में ऑनलाइन भेजी जाती है। बता दें कि केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री सूर्यघर-मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत घर की छत पर सोलर पैनल लगवाने पर अनुदान राशि दी जा रही है, जिससे लोगों का बिजली बिल शून्य हो रहा है।

## भीषण सड़क हादसे में युवक की मौत, पत्नी और मासूम बेटा घायल

**सूरजपुर ।** रक्षाबंधन जैसे पावन पर्व के दिन सूरजपुर जिले में एक दर्दनाक हादसा सामने आया, जिसने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया। बिश्रामपुर-दतिमा मार्ग पर ग्राम सपकरा निवासी अनिरुद्ध देवांगन (25 वर्ष) अपनी पत्नी और बेटे के साथ बाइक से ससुराल जा रहा था, तभी सीएचपी भटगांव से कोयला अनलोड कर लौट रहे एक तेज रफ्तार ट्रेलर ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। यह घटना एचपी पेट्रोल पंप, बिश्रामपुर के पास हुई।हादसे में अनिरुद्ध की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसकी पत्नी और मासूम बेटा गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को तुरंत सूरजपुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस दुर्घटना ने रक्षाबंधन जैसे त्योहारी दिन को मातम में बदल दिया। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने घटनास्थल पर ही चक्काजाम कर दिया, जिससे मार्ग पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए प्रशासन की टीम, जिसमें एसडीएम शिवानी जायसवाल और तहसीलदार शामिल थे, मौके पर पहुंची। उन्होंने लोगों से बातचीत कर माहौल को शांत किया और पीड़ित परिवार को 25 हजार रुपए की तात्कालिक सहायता राशि प्रदान की। इस दुर्घटना के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने ट्रेलर को जब्त कर लिया है और चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। वहीं, स्थानीय लोगों और जनप्रतिनिधियों ने मांग की है कि स्कूल समय और साप्ताहिक बाजार के दौरान भारी वाहनों की आवाजाही पर प्रतिबंध लगाया जाए। भाजयुमो मंडल उपाध्यक्ष अनूप जायसवाल ने भी दिन में कोयला परिवहन पर रोक लगाने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की दुर्घटनाओं से बचा जा सके। यह हादसा न केवल एक परिवार के लिए बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए एक चेतावनी है। यह सवाल अब गंभीरता से उठाया जा रहा है कि क्या भारी वाहनों की अनियंत्रित आवाजाही पर समय रहते नियंत्रण नहीं लगाया जाना चाहिए, खासकर रिहायशी और संवेदनशील इलाकों में।

**स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक प्रेमेन्द्र अग्रवाल** द्वारा अस्मा पब्लिशर्स इण्डिया प्राईवेट लि.,जयस्तंभ चौक, रायपुर से मुद्रित कर तथा 5/756 रामसागरपारा, सिंधी स्कूल के पीछे, स्टेशनरी हाऊस, रायपुर 492001 (छ.ग.) से प्रकाशित। **संपादक प्रेमेन्द्र अग्रवाल ।**
**www.lokshakti.in, lokshaktidaily@gmail.com, twitter.com/lokshaktidaily, facebook.com/lokshaktidaily** **कार्यकारी संपादक : राजेश अग्रवाल** (किसी भी विवाद पर न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा)